तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 26.3 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024



12 वित्त आयोग की पंचायत नगरीय निकाय एवं...




14 नई खूबियों के साथ राज्य के 15 जिलों को आज मिलेंगे...




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो एवं फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023

Advt.


## खबर संक्षेप

### टिकरापारा थाने के टीआई दुर्गेश की जगह अब मनोज

**रायपुर।** एसएसपी संतोष सिंह ने लोगों की शिकायत के आधार पर टिकरापारा थाना के टीआई दुर्गेश रावटे का स्थानांतरण पुलिस लाइन करते हुए उनकी जगह मनोज साहू को पुलिस लाइन से टिकरापारा थाना स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है। टीआई के खिलाफ कई लोगों ने एसएसपी के पास गंभीर शिकायतें दर्ज कराई थीं। लोगों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने टीआई का तबादला आदेश जारी किया है।

### तीन आरोपियों को ईओडब्लू नोएडा लेकर जाएगी

**रायपुर।** धनेली स्थित एक खेत से जला हुआ नकली होलोग्राम मिलने के मामले में गिरफ्तार अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह तथा दीपक दुआरी को ईओडब्ल्यू की टीम नोएडा लेकर जाएगी। साथ ही तीनों आरोपियों को प्रिज्म होलोग्रॉफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्रा. लिमि. के स्टेट हेड दिलीप पांडे के सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने तीनों से पूछताछ करने तथा अन्य तथ्यों की पड़ताल करने नोएडा ले जाने स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

### रायपुर में नहीं है बेस किचन, यात्री मोबाइल पर देख सकेंगे- खाना कैसे बन रहा?

# यात्रियों को ताजा और गर्म भोजन देने बनेंगे 46 बेस किचन, यहीं से ट्रेन में चढ़ेगा खाना

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

ट्रेन में सफर के दौरान खाना ऑर्डर करने पर यात्रियों को अब गर्म, ताजा और हाईजेनिक भोजन मिलेगा। इसके लिए जोन में 46 बेस किचन तैयार किए जा रहे हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत अन्य स्टेशनों में बेस किचन से ही खाना सीधे ट्रेनों तक पहुंचेगा। वर्तमान में बेस किचन की सुविधा रायपुर में नहीं है। यात्रियों का खाना आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत रेस्त्रां से आता है। सीपीआरओ के मुताबिक 46 में से 20 बेस किचन अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएंगे। खास बात यह भी है कि ट्रेनों के रूट अनुसार बेस किचन दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ठेकेदार को ट्रेन आवंटित की जाएगी।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

इससे ऑर्डर समय पर मिलेगा और यात्रियों को अधपका भोजन नहीं मिलेगा। ज्यादातर बेस किचन में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### यात्री को सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात का मुहैया कराएंगे भोजन

#### जिस ट्रेन में पेंट्रीकार नहीं उन्हें भी मिलेगा लाभ

रेलमंत्री के आदेश के अनुसार रेलवे में कैटरिंग की पुरानी व्यवस्था को खत्म किया जाएगा। आईआरसीटीसी का बेस किचन बनने के बाद लाइसेंस वाले किचन और ट्रेनों में पेंट्रीकार में बनने वाले खाने को धीरे-धीरे बंद किया जाएगा। जोन की ट्रेनों से पेंट्रीकार नहीं हटेगा। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे के बेस किचन से उन ट्रेनों को भी लाभ मिलेगा, जिनमें पेंट्रीकार नहीं होते। बेस किचन से भोजन को पकाकर उन ट्रेनों के यात्रियों को दिया जा सकेगा। छोटे व बड़े स्टेशनों पर ही बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जो यात्री को सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन मुहैया कराएंगे।



#### अगस्त तक 20 किचन शुरू होने की संभावना


जोन में 46 बेस किचन बनाया जाएगा, जिनमें अगस्त तक 20 किचन शुरू होने की संभावना है। रूट अनुसार बेस किचन दिया है। ठेकेदार को ट्रेनें आवंटित की जाएंगी।

- **विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

#### बेस किचन की गतिविधियां देख सकेंगे अफसर व यात्री

रेलवे का दावा है कि स्टेशनों पर बेस किचन बनने से यात्रियों को स्वादिष्ट, ताजा और हाईजेनिक भोजन मिल सकेगा। निगरानी के लिए किचन में सीसीटीवी कैमरा भी लगेगा। योजना यह भी है कि यात्री अपने फोन से बेस किचन की गतिविधियां देख सकेंगे। इसके लिए क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा और फिर तैयार भोजन की तारीख, समय, मूल्य और एक्सपायर होने की जानकारी भी उन्हें मिल जाएगी। क्यूआर कोड से फोन में ही खानपान की सामग्री का विवरण स्क्रीन पर आ जाएगा। इच्छानुसार वह जन आहार से लाइव होकर वहां की व्यवस्था भी देख सकेंगे। आईआरसीटीसी व रेलवे के अफसर, सुपरवाइजर कार्यालय में बैठकर निगरानी करते रहेंगे। खानपान की व्यवस्था के डिजिटल प्लेटफार्म पर आने से गुणवत्ता के साथ पारदर्शिता तो बढ़ेगी ही, वेंडरों की मनमानी पर भी अंकुश लगेगा।

## आज उत्तर छग में भारी बारिश, कल राजधानी सहित मध्य छग होगा तरबतर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को हुई हल्की बारिश के बाद मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार से बारिश की गतिविधियों में वृद्धि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को प्रदेश के उत्तरी भाग में बारिश संबंधित गतिविधियां तेज होंगी, जबकि राजधानी रायपुर सहित मध्य और पश्चिम छग में शनिवार से बारिश की मात्रा में वृद्धि होगी। नियमित रूप से हो रही बारिश के कारण प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर तापमान 35 डिग्री के आसपास ही है। हालांकि कुछ स्थानों पर उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- **पूरे प्रदेश में तापमान 36 डिग्री से नीचे कुछ स्थानों पर उमस भरी गर्मी**

▶▶|शेष पेज 13 पर

### अंबिकापुर में 7 सेमी बारिश

गुरुवार सुबह तक कुसमी में 9 सेमी, अंबिकापुर में 7 सेमी, कुटारु में 5 सेमी, नारायणपुर, करपावंड व बिहारपुर में 3 सेमी तथा छोटे डोंगर, अभनपुर, कुनकुरी और बास्तानार में एक सेमी बारिश हुई। शेष स्थानों पर एक सेमी से कम बारिश अथवा हल्की बूंदाबांदी ही हुई। सर्वाधिक 35.5 ▶▶|शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप

### महापौर सहित कांग्रेसी पार्षदों ने सीएम से की मुलाकात

**रायपुर।** तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मामले को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेसी पार्षदों के साथ गुरुवार रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। श्री ढेबर ने मुख्यमंत्री को बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पूर्व सरकार ने 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन भी किया, लोक निर्माण विभाग को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है, पर आज तक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया। इससे शहरवासियों को आए दिन इस मार्ग में ट्रैफिक जाम से परेशान होना पड़ता है। श्री साय ने महापौर श्री ढेबर की बातें ध्यान से सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर सकारात्मक पहल की जाएगी। राजधानी के तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मसले को लेकर महापौर एजाज ढेबर, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, जितेंद्र अग्रवाल सहित कांग्रेसी पार्षदों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। देर शाम आधे घंटे तक चर्चा हुई। श्री ढेबर ने मुख्यमंत्री को बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से भी उनकी चर्चा हुई है।

### नगरीय चुनाव के लिए रणनीति बनाएगी आप



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू की अध्यक्षता में प्रदेश समिति की पहली बैठक गुरुवार को हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। गोपाल साहू ने कहा, आने वाले दिनों में नगरीय एवं त्रिस्तरीय चुनावों के लिए प्रदेश पदाधिकारियों ने रणनीति बनाई है। बैठक में प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश महासचिव जसबीर सिंह और मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

# वित्त का आदेश- जब तक रकम बांटने की जरूरत न हो तब तक नहीं निकाल सकते राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने सभी विभागों को आदेश दिया है कि शासकीय कोष से कोई भी राशि तब तक आहरित (निकाली) नहीं की जाए जब तक कि इससे तत्काल संवितरण (बांटने) की आवश्यकता न हो। ये भी कहा गया है कि मांग की प्रत्याशा में या बजट प्रावधान व्यपगत (लैप्स) होने से बचाने के लिए शासकीय लेखों से धन का आहरण वर्जित है। अगर ऐसा मामला सामने आया, तो जिसमें राशि आनाधिकृत रूप से आहरित कर बैंक खाते में रखी गई तो संबंधित डीडीओ (आहरण एवं संवितरण अधिकारी) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वित्त विभाग ने यह आदेश सरकारी विभागों के बैंक खातों का प्रबंधन एवं हस्तांतरित राशि के लेखांकन के संबंध में दिए हैं। वित्त विभाग ने कहा है कि पूर्व में जारी निर्देशों जिसमें ई पेमेंट, नए बैंक खाते खोलना तथा बैंक खातों के प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। संचालनालय संस्थागत वित्त के हवाले से कहा गया है कि शासकीय योजनाओं की जमा राशि संबंधी मासिक जानकारी के अवलोकन से ये बाद सामने आई है कि शासकीय योजनाओं के बैंक खातों की संख्या एवं उनमें जमा राशि में निरंतर वृद्धि हो रही है इसे देखते हुए दो साल पहले जारी निर्देश को बदल कर नए निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

## सभी सरकारी विभाग को बताया - बैंक खाता प्रबंधन कैसा हो

खास खबर

### अब नए बैंक खातों के लिए अनुमति जरूरी

गैरजरूरी बैंक खाते खोलने की प्रवृत्त के मद्देनजर अब वित्त विभाग ने तय किया है कि नवीन शासकीय योजनाओं के लिए राज्य स्तर पर बैंख खाता खोलने के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति अनिवार्य होगी। राज्य स्तरीय बैंक खाता खोलने के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति के आधार पर मैदानी कार्यालयों, जिला, ब्लाक या अन्य के लिए संबंधित प्रशासकीय विभाग, वित्त विभाग एवं महालेखाकार को सूचित करते हुए आदेश जारी



**नए बैंक खाते खोलने का औचित्य हो**
वित्त विभाग ने कहा है कि प्रत्येक योजना के लिए बैंक खाते खोलने का उद्देश्य परिभाषित एवं प्रस्ताव औचित्यपूर्ण होना चाहिए।

### देनी होगी बैंक खातों की जानकारी

इसी निर्देश में ये भी कहा गया है कि डीडीओ, स्वायत्त या वैधानिक संस्थाओं (स्थानीय निकाय, प्राधिकरण, निगम, मंडल, समितियों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य को अपने सभी बैंक खातों की जानकारी तैयार कर अपने नियंत्रण अधिकारी के माध्यम से विभागाध्यक्ष को भेजें। इसकी एक प्रति संबंधित कोषालयों को दी जाए। विभागाध्यक्ष द्वारा संकलित खातों की समीक्षा कर प्रशासकीय विभाग के माध्यम से 31 जुलाई तक वित्त विभाग को भेजें साथ ही एक प्रति महालेखाकार को भी भेजी जानी चाहिए।

## पंचायतों और निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने मांग

# वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16वें केंद्रीय वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को मे-फेयर लेक रिसोर्ट, नवा रायपुर अटलनगर में परिचर्चा का आयोजन किया गया। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ आयोजित परिचर्चा में पंचायत विभाग के सचिव एस. भारतीदासन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायतों को प्राप्त राशि, उनकी आवश्यकताओं और उनके वित्तीय प्रबंधन की जानकारी आयोग को दी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं को रखते हुए आयोग के समक्ष सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने पंचायतों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने केंद्र से अधिक सहायता की मांग की। नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. ने नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति, उनकी चुनौतियों और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। नगरीय निकायों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वित्तीय चुनौतियों और विकास की आवश्यकताओं पर चर्चा की तथा आयोग के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। उन्होंने नगरीय निकायों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और उनके वित्तीय प्रबंधन को सुधारने की मांग की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एन्नी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्यकांति घोष, प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, वित्त आयोग के सचिव रित्विक पांडे, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेंद्र सिंह सहित दल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग

आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी परिचर्चा की। इस बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने-अपने दलों की ओर से सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने, केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय समन्वय को सुधारने तथा विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग की।

### कांग्रेस ने दिए 21 बिंदुओं पर सुझाव

16वें वित्त आयोग की टीम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 21 बिंदुओं पर सुझाव दिया है। जीएसटी क्षतिपूर्ति, विशेष राज्य के दर्जे को लेकर सुझाव दिए गए हैं। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग और वित्तीय संसाधनों में राज्य की हिस्सेदारी बढाने, कुपोषण एवं कृषि क्षेत्र के लिए की राहत पैकेज, नवा रायपुर में आईटी हब, होलसेल कॉरिडोर के लिए पैकेज की मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासियों की 30 प्रतिशत से अधिक, अनुसूचित जाति की 12 प्रतिशत से अधिक और अन्य पिछड़ा वर्ग की बडी आबादी, आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी चुनौतियां, चूंकि नक्सली स्थिति को दुर्लभ आंतरिक क्षेत्रों में व्यापक बुनियादी ढांचे के विकास से दूर किया जा सकता है। विभिन्न बुनियादी सुविधाओं के तेजी से विकास के लिए एक विशेष पैकेज प्रदान किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष विधि विभाग देवा देवांगन, सीए रवि ग्वलानी उपस्थित थे।

# भाजपा की जिलों में कार्यसमिति 15 से 20 जुलाई और मंडलों में 21 से 25 तक होगी

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। एक दिन पहले ही राजधानी रायपुर में हुई प्रदेश कार्यसमिति में नगरीय निकाय चुनाव पर बड़ा मंथन किया गया है। इसमें भाजपा ने पूरी ताकत झोंकने का फैसला किया है।

राष्ट्रीय नेताओं ने साफ शब्दों में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चेताया है कि प्रदेश में सरकार होने के कारण अतिआत्मविश्वास में न रहें और नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनाव के लिए पूरी मेहनत करें। इस बार ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर जीत की रणनीति बनाई गई है। ऐसे में अब जिलों की कार्यसमिति के लिए 15 से 20 जुलाई और इसके बाद मंडलों के लिए 21 से 25 जुलाई की तिथि तय की गई है। जिलों की कार्यसमिति में प्रदेश के पदाधिकारी जाएंगे और मार्गदर्शन देंगे।

विधानसभा के साथ ही लोकसभा में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इसके बाद भाजपा की नजरें अब नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनावों पर है। भाजपा इस बार इन चुनावों में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करके ज्यादा स्थानों पर जीतना चाहती है। नगर निगमों में भाजपा के पास बीते चुनाव में कोई महापौर नहीं बन पाया था, हालांकि तब कांग्रेस सरकार ने महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष करवाया था। इस बार प्रदेश की भाजपा सरकार महापौर के साथ नगर पालिका के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष करवाने की रणनीति पर काम कर रही है।

### हारे हुए वार्डों पर रहेगा फोकस

जिलों और मंडलों में होने वाली कार्यसमिति में प्रदेश कार्यसमिति में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति के बारे में बताया जाएगा, जहां जिलों की कार्यसमिति में प्रदेश के पदाधिकारी जाएंगे, वहीं मंडलों में जिलों के पदाधिकारी जाकर पूरी जानकारी देंगे। इसमें सबसे अहम उन बूथों पर फोकस करना रहेगा जो बूथ कमजोर हैं। इसी के साथ उन वार्डों और पंचायतों पर फोकस रहेगा जहां पर भाजपा को पिछली बार जीत नहीं मिली थी। प्रदेश भर में एक हजार से ज्यादा ऐसे वार्ड हैं जहां पर कांग्रेस का कब्जा है। इन स्थानों पर भाजपा का बड़ा फोकस है। इनको लेकर प्रदेश कार्यसमिति में भी मंथन किया गया है।

## मशाल लेकर निकले छात्र

# छात्रों ने कहा-वर्षों पढ़ाई के बाद सब कुछ दांव पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में राजधानी में मशाल यात्रा निकाली गई। राजधानी के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी मशाल यात्रा निकाली गई। रायपुर में गांधी मैदान कांग्रेस भवन से कोतवाली होते हुए राजीव गांधी चौक में यह यात्रा समाप्त हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित हुए। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कहा, तानाशाह सरकार को सच्चाई के आगे झुकना ही पड़ेगा। देश में एक तरफ पेपर लीक हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मोदी सरकार एनटीए को बचाने में लगी है।परीक्षा में नाकामी लाखों युवाओं का भविष्य तबाह कर रही है, उनका भविष्य दांव पर लग गया है।

### शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग

एनएसयूआई ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। छात्रों का कहना है कि जिस तरह से नीट में जो धांधली उजागर हुई है, उससे कई छात्र-छात्राओं का भविष्य खतरे में आ गया है। साथ ही उनके अभिभावक जिन्होने लाखों रूपए लगाकर अपने बच्चों को अध्ययन कराया, उन पर भी गाज गिरी है। नीट दोबारा आयोजित कराया जाए। जो भी इस कृत्य में शामिल हैं, उन दोषियो के खिलाफ सीबीआई जांच करवाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। प्रदर्शन में प्रशांत गोस्वामी, निखिल बघेल, संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, विशाल कुरेजा, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, भोजराज चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

## प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में न हो गड़बड़ी

# सीएस ने कहा- सतर्कता बरती जाए, केंद्र ने दिया है आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देश में होने वाली कई प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बडियां सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के लेकर सतर्क और संवेदनशील रहें। राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के प्रदेश के जिला कलेक्टरों के केंद्र के इस निर्देश से अवगत कराया है। उन्होंने वीसी के माध्यम से कलेक्टरों के साथ बैठक की।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन से महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर राज्य के सभी संभागायुक्त और कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक ली। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों में भर्ती परीक्षाओं सहित अन्य रोजगार परीक्षाओं में सुचिता और सुरक्षा को लेकर भारत सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर सतर्कता एवं संवेदनशीलता से कार्य करें। इस संबंध में मुख्य सचिव ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर सतर्कता बरती जाए।

### परीक्षा केंद्रों में तगड़ी हो सुरक्षा व्यवस्था

मुख्य सचिव ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाली नीट-पीजी, यूजीसी-नेट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अत्यंत सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक जिले में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है जिले के अंदर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए बनाये जाने वाले परीक्षा केन्द्रों पर अत्यंत सुरक्षा और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं।

# धनेंद्र बोले-गोठानों को बंद न करें, किसान हो रहे परेशान



**रायपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई गोठान योजना को बंद न किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि पूरे प्रदेश में लावारिस जानवरों द्वारा किसानों की फसल चराई की समस्या को देखते हुए और गोमाता का संरक्षण करने के लिए तथा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांग्रेस सरकार द्वारा अधिकतर गांवों में गोठान प्रारंभ किए गए थे, जो कि सुचारू रूप से संचालित हो रहे थे। इससे किसानों को फसल चराई के मामले में काफी राहत मिली थी तथा गोबर बिक्री करने एवं महिलाओं को रोजगार मिलने का लाभ प्राप्त हो रहा था, पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश के सारे गोठानों को बंद कर दिया गया है।

### फसल की सुरक्षा को लेकर किसान चिंतित

पूर्व विधायक धनेंद्र साहू का कहना है कि पूरे प्रदेश के किसान गोठान व्यवस्था बंद होने से काफी परेशान हो गए हैं। वे अपनी फसल सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। शासन द्वारा फसलों की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह का कोई वैकल्पिक उपाय भी अभी तक नहीं किया गया है। इसीलिए किसानों की फसलों की सुरक्षा को प्राथमिकता से लेते हुए, लावारिस पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था करते हुए पुराने गोठानों को पुनः शीघ्र ही संचालित कर किसानों को राहत दिलाएं।

### तीन उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी

**रायपुर।** बलौदाबाजार जिले में खाद-बीज एवं कीटनाशक औषधियों की गुणवत्ता जांच के लिए विक्रेता संस्थानों से सैंपल लिए जाने के साथ ही लाइसेंस, स्टॉक, मूल्य सूची प्रदर्शन, विक्रय रसीद सहित अन्य दस्तावेज की जांच भी अधिकारी कर रहे हैं। गुरुवार को जिले के विभिन्न इलाकों में जांच-पड़ताल के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों को विक्रेता संस्थानों में मिली गड़बड़ी के मद्देनजर तीन उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी की गई है। उप संचालक कृषि बलौदाबाजार-भाटापारा ने बताया कि कृषि विभाग के निरीक्षकों की टीम ने कसडोल ब्लॉक के गिधौरी स्थित भरत कृषि केंद्र एवं करगी स्थित अनुमान कृषि केंद्र के निरीक्षण के दौरान प्रमाण पत्र संधारित न करने तथा सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ओम कृषि केन्द्र सुहेला में स्टॉक व मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं होने के कारण तीनों संस्थानों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया गया है।

पगड़ी रस्म



जन्म - 08.06.1938
बुधवार
(ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी)

देवगमन- 01.07.2024
सोमवार
(आषाढ़ कृष्ण एकादशी)

स्व. श्री राम कुमार अग्रवाल

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥

कर्मयोग धर्मयोग सहजता एवं सेवाभाव की प्रतिमूर्ति परम पूज्य श्री रामकुमार अग्रवाल जी का हरि हर की अनन्त भक्ति के प्रतिफल से आषाढ़ कृष्ण एकादशी दिनांक 01.07.2024 को 87 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया है. निरंतर रामनाम का उच्चारण एवं धर्म ग्रन्थ का नित्य अध्ययन करना उनकी दैनंदिनी थी. वे सदैव सनातन धर्म के सिद्धांतों का समर्थन करते थे तथा परिवार के ज्योतिपुंज थे. वे हमारे कुटुम्ब के उन्नति के पर्याय भी थे. उनकी अजर अमर आत्मा की शांति एवं सद्गति हेतु निम्नानुसार आयोजित है :-

दिनांक 12 जुलाई 2024 शुक्रवार
स्थान- ललित महल, छेरीखेड़ी, रायपुर
प्रसादी- दोपहर 12.30 बजे, श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी रस्म- शाम 4 बजे
नोट: महिलाओं की बैठक भी ललित महल, छेरीखेड़ी, रायपुर में रखी गयी है

शोकाकुल : श्रीमती शांति देवी अग्रवाल (धर्मपत्नी), रामविलास, जय भगवान, मनीराम (भाई), बाबूलाल (पूर्व आई.ए.एस छत्तीसगढ़)-संगीता, अशोक-ममता, पवन-मधु (पुत्र-पुत्र वधु), समर्थ-सलोनी, आयुष-शुभी (पौत्र-पौत्र वधु), उत्सव, आंचल, हर्षिता (पौत्र- पौत्री), सुनील, कैलाश, सुरेश, मुकेश, रुपेश, विनोद, अनिल (भतीजे) एवं समस्त मिर्जापुरिया गोयल परिवार

श्रद्धावनत: तारामणि-पुरीलाल, धनपति-स्व. नन्हेराम, सावित्री देवी- राधेश्याम (बहन-बहनोई), मीरा-ओमप्रकाश, गीता-किशन, सविता-नरेंद्र हेलीवाल (बेटी-दामाद) सलोनी-विजयंत बंसल (पोती-दामाद), संदीप, सुमित, उत्तम, आशीष, दीपक, प्रतीक (नाती), संयम, सार्थक, नैतिक, श्लोक, अथर्व, शौर्य, शोभित, सिद्धांत, रिशान (पड़ पोते)

प्रतिष्ठान :
* प्राइम इस्पात लिमिटेड * कैपस्टोन * सुन्दर नगर फिलिंग स्टेशन
* ग्रीन इंडिया केयर * मारुति कॉमर्शियल, रायपुर

आओ पूर्वजों को करें प्रेम से याद, लगायें पेड़ और करें उनको धन्यवाद। / सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगायें हम- अग्र सेवा सोसायटी

## विधानसभा की वर्ष 2024-25 के लिए गठित समितियों की बैठक

# चार वित्त समितियों की पहली संयुक्त बैठक, रमन, महंत हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा की वर्ष 2024-25 के लिए गठित वित्तीय समितियों लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति की संयुक्त बैठक गुरवार को विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में हुई। संयुक्त समितियों की पहली बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, लोक लेखा समिति के सभापति डॉ. चरणदास महंत, प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चन्द्राकर, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति अमर अग्रवाल, स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति धरम लाल कौशिक एवं समितियों के सदस्यगण, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, प्रधान महालेखाकार, छत्तीसगढ़, यशवंत कुमार, वित्त विभाग की सचिव शारदा वर्मा एवं संचालक, राज्य संपरीक्षा, पुष्पा साहू शामिल थीं।



### समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण : रमन

समिति की प्रथम बैठक को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस वर्ष वित्तीय समितियों में दो पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं शेष दो समितियों में से अतिवरिष्ठ सदस्य सभापति के रूप में नामित हैं। इन वरिष्ठ सदस्यों के अनुभवों एवं संसदीय ज्ञान का लाभ हम सब को मिलेगा। संसदीय शासन प्रणाली में समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संसद एवं विधान मंडल के बहुत से कार्य लघु सदन के रूप में समितियों के माध्यम से किये जाते हैं। डॉ. रमन ने बताया कि विधानसभा में 21 समितियां हैं और ये क्या-क्या काम करती हैं।

### महंत ने कहा- समितियां सभा का लघु स्वरूप

इस अवसर पर लोक लेखा समिति के सभापति डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि संसदीय समिति में वित्तीय समितियों की अहम भूमिका होती है। समितियां सभा का लघु स्वरूप होती हैं एवं यह समितियां अपने कार्यों के माध्यम से ससदीय प्रजातंत्र के मूल तत्व कार्यपालिका की विधायिका के प्रति जबाबदेही को सुनिश्चित करेगी । प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चन्द्राकर ने कहा कि, विभागों की कार्य पद्धतियों का परीक्षण कर विभागों की कार्य प्रणाली में किस प्रकार से सुधार किया जा सकता है। इस विषय पर समिति अपना ध्यान केन्द्रित करेगी।

### समितियां करती हैं ये काम : अमर

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति अमर अग्रवाल ने कहा कि यह समिति प्रमुखतः सरकारी उपक्रमों के लेखे एवं प्रतिवेदनों, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक तथा सरकारी उपक्रमों की स्वायत्तता और कुशलता की जांच करती है। स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति धरमलाल कौशिक ने कहा कि- प्रदेश के स्थानीय निकाय एवं पंचायतों के वित्तीय कामकाज की संपूर्ण समीक्षा, नियंत्रण एवं यथा आवश्यक सुझाव, अनुशंसा संबंधी कार्य इस समिति के द्वारा किया जाता है । बैठक में सदस्य धर्मजीत सिंह, कुंवर सिंह निषाद, अनुज शर्मा, नीलकंठ नेताम, प्रधान महालेखाकार, छत्तीसगढ़, यशवंत कुमार एवं सचिव, वित्त विभाग, शारदा वर्मा एवं संचालक, राज्य संपरीक्षा पुष्पा साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के राज्य संयोजक राजू भारतवासी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में सौंपा गया। इस मौके पर राजू भारतवासी ने बताया कि एमएस एक्ट-2013 के तहत सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने एवं अनुसूचित जाति के वंचित सफाई कर्मचारी समाज जातियों के विकास के लिए, राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के साथ चर्चा की। आयोग के अध्यक्ष ने अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए उचित निर्णय लेकर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### अशोक बने अध्यक्ष इकबाल उपाध्यक्ष



**रायपुर।** राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा मेट्रो हाइट्स रेजिडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी की चुनाव प्रकिया रिटर्निंग ऑफिसर सुमीत डडसेना के नेतृत्व में गुरुवार को की गई। श्री डडसेना ने बताया कि इस चुनाव में अध्यक्ष अशोक कुमार छाजेड़ को बनाया गया और उपाध्यक्ष इकबाल सिंह भामरा को चुना गया। साथ ही आकाश पंजवानी को रायपुर जिला सहकारी संघ मर्यादित का प्रतिनिधि निर्विरोध घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त संचालक मंडल में पूजा जैन, रेखा झंवर, सीताराम अग्रवाल, हेमंत पारवानी, मोहन कुमार कलवानी, श्रीचंद सचदेव एवं दीपक गिदवानी को संचालक मंडल का सदस्य बनाया गया।

### साहू संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** साहू मिश्र मंडल शहर जिला साहू संघ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान और गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क काफी वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संतोषी नगर स्थित कर्माधाम में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष फागूलाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होंगे।

## श्रद्धांजलि

### उमा सोनी को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** आमापारा नगर निगम कॉलोनी निवासी उमा सोनी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे भाजपा अनुसूचित मोर्चा के सह संयोजक सुभाष सोनी की पत्नी और विक्की सोनी, राहुल सोनी की माता थीं। उनके निधन पर अशोक पांडेय, दिनेश तिवारी, उत्कल समाज के अध्यक्ष व वरिष्ठ नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# यूजी के शुरुआती 3 साल में आए 75% अंक तो ही चौथे वर्ष में प्रवेश, नहीं तो 2 साल का पीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए दूसरी सूची जारी हो चुकी है। इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसके बाद छात्रों को 2 साल की जगह 1 वर्ष का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करना होगा, लेकिन यह नियम केवल उन्हीं छात्रों के लिए है, जो स्नातक के शुरुआती तीन वर्षों में औसत 75% अंक हासिल करेंगे। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को चौथे वर्ष में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। ऐसे में यदि वे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की पढ़ाई करना चाहें, तो उन्हें पुरानी पद्धति से 2 साल का स्नातक पाठ्यक्रम करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, तीन साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को स्नातक तथा चार वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद ऑनर्स की उपाधि मिलेगी। ऐसे में यदि छात्रों को ऑनर्स की उपाधि चाहिए तो उन्हें शुरुआती तीन सालों में औसत 75% अंक प्राप्त करने होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नया सिलेबस जारी किए जाने के साथ ही इससे संबंधित दिशा-निर्देश भी महाविद्यालयों को सौंप दिए गए हैं।

अलग खबर

## मौजूदा सत्र से 4 सालों का हो गया है स्नातक पाठ्यक्रम

### कम है ऐसे छात्रों की संख्या

कॉलेजों में छात्रों के परिणाम स्कूल की तुलना अपेक्षाकृत कम रहते हैं। बीए, बीकॉम जैसे विषयों में प्रथम वर्ष में 50 से 60 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण होते हैं। इन छात्रों में भी 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या गिनती की ही होती है। इस तरह से ऑनर्स करने के लिए पात्र छात्रों की संख्या भी अत्यंत कम होगी। अधिकतर छात्रों को पुरानी पद्धति से ही पढ़ाई पूरी करनी होगी। दूसरी शिक्षाविदों का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन सहित अन्य चीजों के लिए निर्धारित अंकों की सीमा बढ़ाई गई है। ऐसे में छात्रों का प्रदर्शन सुधर सकता है और 75% से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ सकती है। इन स्थितियों में ऑनर्स करने के लिए अधिक संख्या में छात्र पात्र हो सकेंगे।



### कमजोर छात्रों के लिए पुराना विकल्प

जो छात्र निर्धारित 75%अंक हासिल नहीं कर पाते, उनके लिए पुराना विकल्प मौजूद रहेगा। ऐसे छात्र दो वर्ष का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर पाएंगे।
- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य, महंत कॉलेज

## फागिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव, मैनपॉवर और मशीन भी एजेंसी की

# 70 वार्डों में मच्छरों का खात्मा करने आएगी बाहर की एजेंसी, निगम ने किया ग्लोबल टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मच्छरों पर काबू पाने में पस्त नगर निगम अब बाहर की एजेंसी बुलाकर शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचायेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने स्वास्थ्य विभाग ने ग्लोबल टेंडर किया है, जो 21 जुलाई को खुलेगा। अनुबंधित एजेंसी शहर के सभी 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत प्लान लेकर आयेगी। इसमें वार्डों में फागिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव और आधुनिक मशीन एजेंसी अपने खर्च पर रखेगी। अनुबंध शुरुआत में 3 माह के लिए होगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अनुबंध की समय अवधि बढ़ाई जा सकती है। कुल मिलाकर परफार्मेंस बेस भुगतान ठेका एजेंसी को किया जायेगा। रायपुर नगर निगम अब विशाखापटनम जैसे बड़े शहरों की तर्ज पर शहर में मच्छर उन्मूलन का पूरा जिम्मा बाहर की एजेंसी को देगा। 100 लेबर रखने की शर्त के साथ इस कार्य में प्रयुक्त मशीन और आवश्यक संसाधन अनुबंधित एजेंसी के रहेंगे। इसमें नगर निगम को फूटी कौड़ी का खर्च नहीं आयेगा। शुरुआत में यह कार्य 3 माह के लिए दिया जायेगा। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसकी समय अवधि बढ़ायी जायेगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी तय करने ग्लोबल टेंडर किया है। यह पहला मौका होगा जब नगर निगम शहर की सफाई के बाद मच्छर उन्मूलन का कार्य बाहर की एजेंसी को ठेके पर देने जा रहा है।

- शुरुआत में 3 माह के लिए होगा अनुबंध



### ग्लोबल टेंडर किया है

शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए एजेंसी तय करने ग्लोबल टेंडर किया है। इसमें परफार्मेंस बेस भुगतान होगा। 100 लेबर रखने के साथ ही इसमें लगने वाले रिसोर्स अनुबंधित एजेंसी के रहेंगे। 3 माह की समय अवधि के लिए शुरुआत में यह अनुबंध रहेगा।
- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

### एजेंसी को 20 फीसदी भुगतान बाद में, परफार्मेंस बेस भुगतान

*मच्छरों की समस्या के उन्मूलन के लिए किये गये ग्लोबल टेंडर में यह शर्त रखी गई है कि अनुबंधित एजेंसी को परफार्मेंस बेस भुगतान किया जायेगा। यानी शहर में मच्छर कम होने की दशा में अनुबंधित एजेंसी को निर्धारित राशि दी जायेगी। एजेंसी के कार्य का मूल्यांकन करने निगम का स्वास्थ्य महकमा एनएसडीसी सहित अन्य विभागों के साथ तालमेल बनाकर समय-समय पर शहर में मच्छर उन्मूलन वाले इलाकों में जाकर रेंडम सैंपल एकत्र कर जांच करेगा। यही नहीं, एजेंसी द्वारा मच्छर नियंत्रण कार्य में प्रयुक्त केमिकल की खाली बॉटल को चेक करेगा। इसके साथ ही पब्लिक से भी फीडबैक लिया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक चयनित एजेंसी को अनुबंध के हिसाब से 20 फीसदी राशि का भुगतान बाद में होगा।*

### मुख्यालय में कंट्रोलरूम, जनता की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर

*नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय में शहरभर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने कंट्रोलरूम खुलेगा। यह प्रतिदिन दोपहर 2 बजे के बाद से कार्यशील रहेगा। आम जनता शहर के विभिन्न इलाकों से टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। इसके लिए अलग से टोल फ्री नंबर जारी होगा। अनुबंधित एजेंसी के कार्य की मानिटरिंग संबंधित जोन के जेडएचओ करेंगे। नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड की समग्र मानिटरिंग करने का जिम्मा स्वास्थ्य अधिकारी का होगा।*

# खारुन के एसटीपी का बिजली बिल बचाने सोलर पैनल प्लांट लगवाएगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में 17 नालों का गंदा पानी साफ करने लगाये गये तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के भारी-भरकम बिजली बिल बचाने नगर निगम सोलर प्लांट लगाने की तैयारी में है। इसके लिए 2.8 मेगावाट की बिजली बनाने 13 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। यह पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगा। प्रस्ताव को अमृत मिशन के अधिकारियों ने निगम के बिजली विभाग के पास आगे बढ़ाया है। यहां से इसे परीक्षण के लिए क्रेडा को प्रपोजल भेजा जायेगा। क्रेडा के समन्वय से सोलर प्लांट का कार्य कराने की योजना है।

दरअसल, अमृत मिशन के तहत खारुन नदी में गिर रहे नालों के सीवरेज के पानी को उपचारित करने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज प्लांट लगाया गया है। नागपुर की एसएमएस कंपनी इस प्लांट का संचालन व संधारण का कार्य कर रही है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का 2 साल में 16 करोड़ 32 लाख का बिजली बिल आने के बाद नगर निगम ने इस बिल से राहत पाने विकल्प के तौर पर सोलर पैनल का प्रस्ताव तैयार कराया है। इस प्रस्ताव को परीक्षण के लिए क्रेडा को भेजा जायेगा। विदित हो, निमोरा में 90 एमएलडी, कारा में 35 एमएलडी और चंदनीडीह में 75 एमएलडी गंदे पानी को उपचारित करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इससे खारुन में नालों का पानी साफ कर दोबारा उपयोग के लायक बनाकर छोड़ा जा रहा है।

- 2.8 मेगावाट की बिजली बनाने 13 करोड़ का बनाया प्रस्ताव
- परीक्षण के लिए क्रेडा को भेजेंगे प्रपोजल



### सोलर प्लांट के लिए 13 करोड़ का प्रस्ताव

खारुन नदी में नालों का पानी साफ करने लगाये गये 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 13 करोड़ के सोलर पैनल प्लांट का प्रस्ताव बनाया गया है। 2.8 मेगावाट के इस प्लांट का प्रस्ताव परीक्षण के लिए क्रेडा को भेजेंगे।
- **अंशुल शर्मा**, नोडल अधिकारी, अमृत मिशन, नगर निगम रायपुर

# समाज कल्याण विभाग के वेलफेयर ऑफिसर के नाम पर फर्जी कंपनी, हुआ खुलासा

## आमानाका थाने की पुलिस मामले की कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज कल्याण विभाग में वेलफेयर पद पर पदस्थ एक अफसर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ उनका पर्सनल डेटा चोरी कर उनके नाम से दो कंपनी संचालित करने की आमानाका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अफसर को अपने नाम से कंपनी संचालित होने की जानकारी आईटी रिटर्न दाखिल करने के समय हुई है। पुलिस के मुताबिक एम्स अस्पताल के पास रहने वाले मनीष पाठक ने अज्ञात के खिलाफ फर्जी तरीके से अपने नाम की कंपनी बनाने की शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात हैकर उनका ऑनलाइन आधार, पैन कार्ड हासिल कर उनके बगैर जानकारी के उनके नाम से पाठक इंटरप्राइजेस तथा आयशा इंटरप्राइजेस नाम की कंपनी बनाई है। दोनों कंपनी में अब तक दो करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन किया गया है।

- अज्ञात हैकरों ने अधिकारी का पर्सनल डेटा चोरी कर बनाई थी दो कंपनी




### सीए तथा डॉक्टर के नाम से भी कंपनी

*ऑनलाइन हैकरों द्वारा लोगों की पर्सनल जानकारी हासिल कर कंपनी बनाकर धोखाधड़ी करने की और कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हैकर पूर्व में पेशे से सीए तथा ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े अंकित बांगर तथा मोवा निवासी डॉ. दीपक जायसवाल की आईडी हासिल कर फर्जी कंपनी बना चुके हैं। सीए तथा डॉक्टर को भी आईटी रिटर्न दाखिल करते समय अपने नाम से कंपनी होने की जानकारी मिली थी। दोनों मामलों के आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।*

### फर्जी कंपनी से करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी

किसी दूसरे की आईडी हासिल कर कंपनी बनाकर कारोबार करने वाले टैक्स चोरी करने इस तरह के कृत्य करते हैं। दूसरे के नाम से कंपनी संचालित करने वाले सेंट्रल जीएसटी चोरी करने के साथ ही आसानी से आयकर चोरी करते हैं। संबंधित व्यक्ति को इसकी जानकारी तब मिलती है, जब उनके पास संबंधित कर विभाग का नोटिस आता है अथवा वे आईटी रिटर्न दाखिल करते हैं। तब उन्हें इस बात की जानकारी मिलती है। इससे सरकार का करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान होता है।

### इस तरह बना रहे दूसरे की आईडी से कंपनी

गौरतलब है कि आधार कार्ड के साथ पैन कार्ड को लिंक कर दिया गया है। हैकर किसी के आधार कार्ड की जानकारी हासिल करने के बाद उनके पैन कार्ड की जानकारी हासिल करते हैं। जानकारी हासिल करने के बाद आधार तथा पैन कार्ड की कॉपी निकालकर डिजिटल सिग्नेचर कर पैनकार्ड तथा आधार कार्ड की दूसरी कॉपी निकालकर सेंट्रल जीएसटी में कंपनी बनाने आवेदन पेश कर कंपनी बनाने का काम करते हैं।

# 15 बीएसयूपी में रहने वाले 12 हजार परिवारों को 3 महीने बाद कॉलोनी में ही मिलेगा जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब झुग्गी बस्तियों से बाहर करके बीएसयूपी में शिफ्ट किए गए 12 हजार से ज्यादा परिवारों को अक्टूबर से कॉलोनी कैंपस में ही जरूरी सामान मिलेंगे। अभी बीएसयूपी कॉलोनियों का निर्माण आउटर में होने से लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर छोटे-छोटे जरूरी सामान के लिए दिन में कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। इससे राहत देने के लिए निगम ने सात जोन आयुक्तों को 15 कॉलोनियों में मार्केट डेवलप करने के लिए 90 लाख रुपए दिया है। इससे पहले फेज में तय की गई कॉलोनियों में 5-5 दुकानों का निर्माण जारी है।

स्मार्ट सिटी में तय योजनाओं को पूरा करने और सड़क चौड़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण के लिए कई बस्तियों को हटाने के बाद निगम ने उन्हें आउटर इलाके में मकान दिया। करीब 15 साल में जिन-जिन बीएसयूपी कॉलोनियों में लोगों को मकान दिया गया, वहां रहने वाले परिवारों को घरेलू सामान के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, नाई, धोबी, सब्जी, मेडिकल व जनरल स्टोर के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर आना-जाना पड़ता है। इससे लोगों का समय और वाहन के ईंधन की बर्बादी होती थी। राहत देने की मुहिम अब निगम ने शुरू की है। दुकानों का निर्माण करवाने के लिए एजेंसी तय करने के बाद उसे 4 से 5 महीने में प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए समय दिया है। अब अक्टूबर में बीएसयूपी में रहने वाले 12 हजार से ज्यादा परिवारों को नई सुविधा मिलने वाली है।



### 4 महीने में निर्माण के लिए निर्देश

जिन कॉलोनियों में दुकानों का निर्माण होना है, वहां के लिए आयुक्तों ने एजेंसी तय करके तय समय में प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए वर्कआर्डर जारी किया है। अक्टूबर तक मार्केट को शुरू करवाने का निर्देश है।
- **राजेश शर्मा**, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम, रायपुर

### दिवाली में मिलेगा मार्केट

*अभी तक अलग-अलग जोन क्षेत्र में बनवाई गई 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 12 हजार से भी ज्यादा परिवारों को शिफ्ट किया गया है। इनके आसपास अब जरूरी सामान खरीदने के लिए हर बीएसयूपी में 5-5 दुकानों का निर्माण शुरू हो गया है। निगम सूत्रों ने बताया कि अभी 24 में से 15 बीएसयूपी कॉलोनियों में दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा। टेंडर के बाद प्रत्येक दुकान का निर्माण करने के लिए एजेंसी को 4-4 महीने का समय दिया है, यानी दिवाली में हजारों परिवारों को जरूरी सामान कॉलोनी में ही मिलने लगेंगे।*

### यह है निगम का प्लान

*सभी 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 5-5 दुकानों का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर निगम ने पहले ही सरकार को भेजा था। प्रत्येक कॉलोनी में 5 दुकानों के निर्माण पर 6-6 लाख रुपए का खर्च होगा। इसका आंकलन करने के बाद ही बजट मांगा गया था। इनमें से पहले फेज में 15 कॉलोनियों के लिए निगम के जिम्मेदारों ने 90 लाख रुपए जोन आयुक्तों को जारी किया है। इनमें जोन 1, 2 व चार शामिल नहीं हैं। इनके अलावा जोन 3, 5, 6, 7, 8, 9 और 10 में पहले फेज में 15 जगह मार्केट अब आकार ले रहा है।*

### कॉलोनी के युवाओं को काम

*दुकानों का निर्माण होने के बाद इसे आवेदन प्रक्रिया के तहत तय किराए पर खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए कॉलोनी के युवाओं को ही दिया जाएगा। इससे निगम को राजस्व का नया जरिया मिलेगा। कचना, अमलीडीह, खम्हारडीह, सड्डू, बांसटाल क्षेत्र के साथ ही भाठागांव, कोटा में बसाई गई कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को डेली नीड्स, किराना, मोची, धोबी व नाई की दुकान मिलेगी। लोगों को आनन-फानन में मुख्य बाजार तक दौड़-भाग करने से राहत के साथ नई सुविधा कॉलोनी में लोगों को मिलेगी।*

## पेज 11 के शेष

### यात्रियों को ताजा और...

अधिक ऑर्डर मिलने से कई जगहों पर अधपका भोजन मिलने की शिकायत थी। बीते दिनों खाने में कॉकरोच निकलने और ट्रेनों में बेस्वाद और बासी खाना मिलने की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने आईआरसीटीसी को व्यवस्था को बेहतर करने को कहा है, जिसके बाद बेस किचन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।


### आज उत्तर छग में भारी...

मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, उरई, बलिया, आसनसोल, बगाति और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरुनी ओडिशा के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इनके प्रभाव से प्रदेश में 12 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका भी व्यक्त की है।

### अंबिकापुर में 7 सेमी...

डिग्री तापमान राजनांदगांव में दर्ज हुआ। सबसे कम 21.1 डिग्री तापमान नारायणपुर का रहा। रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक 33.2 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 26.3 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी में शुक्रवार को आसमान दिनभर मेघमय रहेगा।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार में शामिल होंगे देवांगन



**रायपुर।** उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सेमीनार शुक्रवार 12 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल सयाजी रायपुर में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगें। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी अहम साबित होगा। कार्यक्रम के स्टेट कोऑर्डिनेटर के रूप में उद्योग विभाग का यह आयोजन प्रदेश के छोटे-बड़े कंपनियों के लिए निवेश प्राप्त करने का यह प्रयास स्थानीय व्यवसायियों के लिए उनके उद्योग को बढ़ाने में निवेश प्राप्त करने का सबसे बेहतर माध्यम बनेगा।

**// आम सूचना //**

वाके मौजा पिरदा, प.ह.नं. 00076, रा.नि.मं. रायपुर - 18 - कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 39 / 11 रकबा 0.2052 हे. भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता महेश चौहान पिता सी.एल. चौहान निवासी श्याम नगर, रायपुर छ.ग. के भूमिस्वामी हक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा पिरदा, प.ह.नं. 00076, रा.नि.मं. रायपुर - 18 - कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 39/11 रकबा 0.2052 हे. भूमि को क्रय करने का मौखिक सौदा तय कर टोकन / ब्याना राशि अदा कर दिया है मात्र उपरोक्त भूमि का बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार के संदर्भ में जिस किसी भी व्यक्ति (यों), संस्था, निगम, निकाय, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण अथवा शासकीस - अर्ध्दशासकीय, निकाय या प्राईवेट संस्थान को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति, वाद-विवाद, निहित हित, हो तो वह अपनी आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजों के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधि में इस आम सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियां एवं दावे शून्य एवं विधि विरूध्द समझी जायेगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने !
स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक - 11/07/2024

भूपेन्द्र सिंह, अधिवक्ता,
कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9893543048

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सिंघानिया बिल्डकान प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री सुबोध सिंघानिया पिता श्री श्यामलाल सिंघानिया, निवासी- रिंग रोड नं. 1, महामाया मंदिर वार्ड, रायपुर, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) 492001 के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि जो वाके मौजा- भाठागांव, प.ह.नं. 00060, रा.नि.मं. रायपुर-13- भाठागांव, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित जिसका खसरा नंबर 257/14 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 257/23 रकबा 0.0200 हे., खसरा नंबर 257/431 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 257/532 रकबा 0.1290 हे., खसरा नंबर 257/564 रकबा 0.0650 हे. कुल खसरा 5 कुल रकबा 0.4560 हे. भूमि को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

अतः सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक - 09/07/2024

भवदीय
सी.एम. नायक (अधिवक्ता)
गायत्री हॉस्पिटल के पीछे, तरूण नगर, डंगनिया, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 7987009519

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी युवराज यादव पिता श्री हिरदे राम यादव निवासी झांकी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम झांकी प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 159 रकबा 0.130 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है। अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक. साहूकार महाजन या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/ अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं सदभावक क्रेता माना जावेगा।

दिनांक-11/07/2024
स्थान-अभनपुर

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)
तहसील-अभनपुर
मो.नं. 9893906809

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.- 00026 नायकबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324441630700061

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम नायकबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी विनय कुमार गांधी पिता/पति लूनकरण गांधी पता-सा. अभनपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1685/1 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ज्ञानेन्द्र मिश्रा पिता/पति- चन्द्रभान मिश्रा पता वार्ड नं. 09 सारखी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदारः RAMPRASAD BAGHEL
तहसील अभनपुर

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.न.- 00021 पलौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202324440205700021**

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम पलौद के वर्तमान भूमिस्वामी अजय कुमार पिता/पति-शिवकुमार पता-सा देह, विजय चंद्राकर पिता/पति-शिवकुमार पता-सा देह, भुवनेश्वरी पिता/पति-शिव चंद्राकर पता-सा देह, राकेश चंद्राकर पिता/पति-शिवकुमार पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2285(0.1300), 2364(0.1200), 2377(0.3900), 1149/1(0.2000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता लक्ष्मी पिता/पति-स्व. अजय कुमार चंद्राकर पता-सा.देह, ना.बा. कृष पिता/पति स्व. अजय कुमार चंद्राकर पता-सा.देह, विजय चंद्राकर पिता/पति- शिवकुमार पता-सा देह, भुवनेश्वरी पिता/पति-शिव चंद्राकर पता-सा देह, राकेश चंद्राकर पिता/पति- शिवकुमार पता-सा देह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व. या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
Raj kumar sahu

## खबर संक्षेप



### डूंडा स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित डूंडा के शासकीय हाईस्कूल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट-गाइड के जिला पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर शामिल हुए। डूंडा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों ने शाला परिवार के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर भारत स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष जी. स्वामी, वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर, रेलवे के सीनियर डिवीजन मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, सचिव मृत्युंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, अखिलेश अमले, दिनेश शुक्ला, विकासखंड सचिव मुकेश बोरकर, विष्णु साहू सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### शालेय शिक्षक संघ ने पदोन्नति को लेकर संचालक से की चर्चा

**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति में हो रही देर की ओर संचालक का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के करीब 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त होने की जानकारी भी दी। इसके साथ ही व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 7 वर्षों से पदोन्नति नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए पिछले 6 साल से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाया गया है, जबकि संगठन ने सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटिरहित सूची जारी करने की मांग की थी।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संस्थापक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि आज विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा है, जिसमें प्रत्येक राज्य के हर जिले के कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसी कड़ी में संस्था ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम चल रहा है। एक तरफ सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं, साथ ही अब घरेलू के साथ अन्य वर्गों के उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले की तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

**20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे**

### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।



### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।

## एक्सीडेंट के कारक लाइट की तीव्रता मापने के साथ हार्न की तीव्रता माप सकेंगे

# नई खूबियों के साथ राज्य के 15 जिलों को आज मिलेंगे इंटरसेप्टर व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने कई तरह की कोशिश की जा रही है। रोड एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने सभी जिलों में इंटरसेप्टर व्हीकल दिए गए हैं। इसी कड़ी में पहले से ज्यादा हाईटेक इंटरसेप्टर व्हीकल 15 जिलों को दिए जा रहे हैं। नए हाईटेक इंटरसेप्टर व्हीकल का शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने निवास से फ्लैग ऑफ करेंगे।

मुख्यमंत्री जो नए इंटरसेप्टर व्हीकल को फ्लैग ऑफ करने जा रहे हैं, उन व्हीकल से सड़कों पर चलने वाले वाहनों के यंत्रों की तेज आवाज मापने के साथ वाहनों के ग्लास में निर्धारित मापदंड से अधिक गहरी काली फिल्म की आसानी से पहचान की जा सकेगी। साथ ही रात के समय मानक से ज्यादा तेज लाइट वाले वाहनों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। नए इंटरसेप्टर व्हीकल में पहले से ज्यादा हाईटेक सर्विलांस कैमरे लगे होंगे, जिसका कैमरा रेजोल्यूशन पहले से ज्यादा हाईटेक रहेगा। साथ ही 360 डिग्री तक मूव कर सकेगा। कैमरा के 360 डिग्री तक मूव करने की स्थिति में रोड एक्सीडेंट के बाद कानून व्यवस्था की समस्या होने की स्थिति में उपद्रवियों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

**पहली बार इटरसेप्टर व्हीकल में लगा है 360 डिग्री वाला सर्विलांस कैमरा**

### इंटरसेप्टर व्हीकल में नई सुविधा

गौरतलब है कि पूर्व के इंटरसेप्टर व्हीकल में स्पीड राडरगन के साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों को पकड़ने ब्रीथ एनालाइजर के साथ ही पीए सिस्टम और कैमरा लगा हुआ था। इस बार इंटरसेप्टर व्हीकल में सर्विलांस कैमरे की रेजोल्यूशन बढ़ाने के साथ ही हार्न के साथ लाइट की तीव्रता मापने यंत्र लगाए गए हैं। गौरतलब है कि तेज लाइट तथा तय मानक से ज्यादा हार्न बजाए जाने की स्थिति में एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।



### ...इसलिए ग्लास पारदर्शिता यंत्र

इंटरसेप्टर व्हीकल में पहली बार ग्लास पारदर्शिता यंत्र लगाया गया है। ग्लास पारदर्शिता यंत्र लगे होने की वजह से इंटरसेप्टर व्हीकल दूर से वाहनों में लगे ग्लास की मापक की पहचान कर सकता है। वाहनों में डार्क ग्लास लगे होने की वजह से पता नहीं चल पाता कि वाहन के अंदर अपराधी बैठे हैं या वाहन के अंदर किसी तरह के गलत कार्य हो रहे हैं। ग्लास पारदर्शिता यंत्र के माध्यम से पुलिस डार्क ग्लास वाले वाहनों की पहचान कर कार्रवाई कर सकती है।

*इन जिलों के आबंटित किए जाएंगे नए व्हीकल : नए इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ सरगुजा, जगदलपुर, कांकेर में की जाएगी। इन 15 जिलों में इंटर सेप्टर वाहनों के संचालन के लिए चिन्हित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।*

*ज्यादा हाईटेक हैं : नए इंटरसेप्टर व्हीकल पहले के इंटरसेप्टर व्हीकल की तुलना में ज्यादा हाईटेक हैं। नए इंटरसेप्टर व्हीकल में हार्न के साथ लाइट का पैमाना नापा जा सकता है। साथ ही रोड पर चल रहे वाहनों की ग्लास की डार्क को मापा जा सकता है।*
*- संजय शर्मा, एआईजी ट्रैफिक*

### इन सात खूबियों वाला होगा इंटरसेप्टर व्हीकल

- **स्पीड राडारगन** - निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनों की गति मापन
- **ब्रीथ एनालाईजर** - नशे में वाहन चालन की जांच के लिए
- **सर्विलांस कैमरा** - निगरानी के लिए
- **प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र** - वाहन की तेज हेडलाईट्स (प्रकाश) की जांच के लिए
- **ध्वनि मापक यंत्र** - वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रो की आवाज मापने के लिए
- **ग्लास पारदर्शिता यंत्र** - वाहन के ग्लास की पारदर्शिता मापने के लिए
- **पीए सिस्टम यंत्र** - सुगम यातायात प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश

# फुंडहर गोठान बनेगा गो अभयारण्य जोनस्तर पर होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सीएसआर मद से होगा काम, 8 एकड़ में फैला है गोठान
- निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाने दिये निर्देश

फुंडहर स्थित नगर निगम का गोठान अब गो अभयारण्य का स्वरूप लेगा। 8 एकड़ क्षेत्र में फैले इस गोठान को सीएसआर मद में गो अभयारण्य बनाया जायेगा। इसमें गायों को रखने पक्के शेड, हरा चारा, पानी, प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को गो अभयारण्य का प्रस्ताव बनवाने निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने फुंडहर गोठान का निरीक्षण के दौरान गोवंश के लिए वहां हरा चारा, पानी और सफाई की व्यवस्था देखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी फुंडहर गोठान का सर्वे कर इसे गो अभयारण्य बनाने प्रस्ताव तैयार करेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा के लिए यहां गो अभयारण्य बनाने की योजना है। फुंडहर गोठान में वर्तमान में 225 गोवंश रखे गये हैं। गोठान का सर्वे कराकर उसके विस्तार के संबंध में सीएसआर मद के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त एके हालदार, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित जोन के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गोकुलनगर गोठान पहुंचे निगम कमिश्नर, व्यवस्था देखी

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 क्षेत्र के गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचकर गोमाता को गुड़ खिलाकर गो सेवा की। उन्होंने गोठान में रह रहे करीब 650 मवेशियों के लिए चारा, पानी सहित परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस मौके पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा उपस्थित रहे।

# महादेव सट्टा मामले में भीम, अर्जुन के बाद छोटा भाई सहदेव गिरफ्तार ईओडब्लू ने दो करोड़ फ्रीज कराए



- आरोपी को जांच एजेंसी ने पटना से गिरफ्तार किया
- सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने पटना में बैठकर सट्टा संचालित कर रहे तीन अन्य को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू ने तीन साल से फरार चल रहे निलंबित पुलिसकर्मी सहदेव यादव को बिहार, पटना से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने आरोपी का 11 बैंक अकाउंट में जमा दो करोड़ रुपए फ्रीज भी कराया है। साथ ही सट्टे की रकम से खरीदी गई इनोवा कार पुलिस ने जब्त की है।

गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने जिसे गिरफ्तार किया है, उसके दो भाई पुलिसकर्मी भीम तथा अर्जुन को ईडी की टीम पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। महादेव सट्टा एप में नाम आने तथा अपने दो भाइयों की गिरफ्तारी के बाद से सहदेव पुलिस तथा जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया था। सहदेव पर आरोप है कि वह महादेव सट्टा बुक के प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के संपर्क में रहकर हवाला लेनदेन में हाथ बंटाने का काम करता था। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है।

### सहदेव की निशानदेही पर तीन अन्य गिरफ्तार

बिहार में बैठकर महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित कर रहे सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने बिहार, गोपालगंज से राजा चौहान, बबलू चौहान तथा रंजन चौहान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े महत्वपूर्ण दस्ताजेव जब्त करने के साथ ही सहदेव के साथ अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# पुलिसकर्मी प्रायश्चित करने पहुंचे गुरुद्वारा, कहा- सेवा कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मारपीट के दौरान सिख ड्राइवर की पग गिरने का मामला

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व इंटरस्टेट बस टर्मिनल में जांच के दौरान चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक सिख ड्राइवर को जांच के नाम पर थाने लाकर पीटने तथा मारपीट के दौरान पग गिरने की घटना हुई थी। ड्राइवर की पग गिरने की घटना को सिख समाज ने गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। एसएसपी ने शिकायत के आधार पर चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मी अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रायश्चित करने स्टेशन रोड गुरुद्वारा पहुंचे। जहां स्टेशन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने उन्हें क्षमा करते हुए गुरुद्वारा में सेवा करने अवसर प्रदान किया है।

स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा के मुताबिक, ड्राइवर के साथ हुई घटना में शामिल पुलिसकर्मी गुरुद्वारा में प्रायश्चित करने पहुंचे, तब उन्हें गुरुद्वारा के अलावा किसी अन्य धार्मिक स्थल में सेवा कार्य करने अवसर दिया गया। इसके लिए उन्हें वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में सेवा करने का ऑप्शन दिया गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। पुलिसकर्मियों के इच्छानुसार चार दिन बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा तेलीबांधा तथा तीन दिन स्टेशन रोड गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने का अवसर दिया गया है। पुलिसकर्मियों ने अपनी गलती के लिए गुरुद्वारा में मत्था टेककर माफी भी मांगी।

*ये है पूरा मामला : गौरतलब है कि 8 जून को पुलिसकर्मी चंद्रभान सिंह भदौरिया, सुरेंद्र सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह राजपूत तथा दानेश्वर साहू इंटरस्टेट बस टर्मिनल में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान चारों पुलिसकर्मियों ने एक सिख बस ड्राइवर को बस स्टैंड में देर रात तक रहने की वजह पूछी। इस पर ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह एक निजी ट्रैवल एजेंसी का बस ड्राइवर है। इस पर पुलिसकर्मी नाराज हो गए और ड्राइवर के साथ बदसलूकी की तथा मारपीट करते हुए उसकी पग निकालकर केश खींचकर पीटने लगे। इस बात का शिकायत ड्राइवर ने अपने समाज प्रमुखों से की। इसके बाद समाज के लोगों ने शिकायत एसएसपी संतोष कुमार सिंह से की। घटना के बाद टिकरापारा टीआई दुर्गेश रावटे भी गुरुद्वारा पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों द्वारा की गई गलती के लिए माफी मांगी।*

**81 छात्र पूरक से पास, 26 फेल से पूरक**

# 216 परीक्षार्थियों के अंकों में पुनर्मूल्यांकन के बाद वृद्धि

- कई छात्रों के परिणाम में परिवर्तन, पूर्व में भी छात्र जता चुके हैं रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इन तीनों ही कक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद थोक में छात्रों के नतीजों में बदलाव हुए हैं। रविवि द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के मुबातिक, बीकॉम तृतीय वर्ष में 153 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है तथा 111 छात्रों के अंक घटे हैं। हालांकि नंबर घटने या बढ़ने के बाद भी इनके परिणाम अपरिवर्तित ही रहे। बीकॉम तृतीय वर्ष में ही 75 छात्र पूरक से पास हो गए हैं। 26 छात्रों को फेल से पूरक तथा 9 छात्रों को फेल से पास श्रेणी में रखा गया है।

बीसीए द्वितीय वर्ष में 44 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है और 18 छात्रों के अंक घटे हैं। 4 छात्र पूरक से पास घोषित किए गए हैं। बीसीए तृतीय वर्ष में 19 छात्रों के अंक बढ़े हैं और 7 के अंक घटे हैं। 2 को पूरक से पास घोषित किया गया है। सभी छात्रों परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### खराब रहे हैं परिणाम

इस बार रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराया गया। अर्थात प्राध्यापकों को उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की इजाजत नहीं दी गई। इसके स्थान पर उनसे परीक्षा केंद्र में ही कॉपियां जंचवाई गई। रविवि ने इस बार सभी कक्षाओं के परिणाम जल्द तो घोषित कर दिए, लेकिन कई कक्षाओं के छात्रों ने अपने नतीजों पर रोष जताया था। अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं। ना केवल प्रथम वर्ष बल्कि द्वितीय और तृतीय वर्ष के नतीजे भी अधिक उल्लेखनीय नहीं रहे। छात्रों के अपने परिणाम से असंतुष्ट होने के कारण पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या भी अधिक रही है।



- रविवि ने घोषित किए बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम के पुनर्मूल्यांकन नतीजे
- अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं

# अवैध वसूली को लेकर ट्रक मालिक आक्रोशित फिटनेस सेंटर के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाहन फिटनेस की जांच का निजी क्षेत्र में ठेका देने के बाद ठेका कंपनी पर अवैध वसूली करने के लगातार आरोप लग रहे हैं। ट्रक चालकों से वाहन फिटनेस के लिए 14 सौ रुपए शुल्क लिए जाने के बाद ठेका कंपनी द्वारा फिटनेस देने के नाम पर एक हजार रुपए, जिसे बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया गया है, लेने का आरोप है। इससे नाराज होकर गुरुवार को टाटीबंध यूनियन ट्रक मालिक संघ ने परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ठेका कंपनी के मालिक को सुरक्षा की दृष्टि से अपने साथ थाना लेकर गई।

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व तत्कालीन राज्य सरकार ने वाहनों की हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच करने निजी क्षेत्र को ठेका दे दिया था। नियम के मुताबिक फिटनेस जांच का शुल्क परिवहन विभाग में जमा होता है। रसीद दिखाने पर फिटनेस सेंटर के संचालक वाहनों की फिटनेस जांच कर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट देता है। उस आधार पर परिवहन विभाग वाहन को सड़क में संचालित होने अनुमति प्रदान करता है।

### गुंडों की मदद से डेढ़ा वसूली करने का आरोप

वर्तमान में फिटनेस सेंटर का संचालन करने रोविंग आई प्राइवेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दिया गया है। फिटनेस सेंटर का संचालन किसी आशीष गर्ग के पास है। आरोप है कि जिसने फिटनेस जांच करने का ठेका लिया है, उस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दे दिया है। फिटनेस जांच करने जिस दूसरे व्यक्ति ने ठेका लिया है, उस पर आरोप है कि उसने गुंडों की मदद से वाहन मालिकों को डरा धमकाकर पिछले कुछ दिनों से अवैध वसूली की राशि एक हजार रुपए से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया है। वाहन मालिक इसी बात से नाराज थे।

- फिटनेस के नाम पर गुंडों की मदद से हजार की जगह डेढ़ हजार रुपए वसूली का आरोप
- अफसर बोले जांच के बाद कार्रवाई करेंगे





### जांच के बाद आयुक्त को पत्र लिखेंगे

ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया है। ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। आरोपों की जांच करने के बाद फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने आयुक्त को पत्र लिखेंगे।
- **आशीष देवांगन**, आरटीओ रायपुर

### फिटनेस जांच कराने का यह नियम

ट्रांसपोर्ट वाहन को आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद हर दो साल में फिटनेस प्रमाण निरीक्षण कराना अनिवार्य है। आठ साल से ज्यादा उम्र के ट्रांसपोर्ट वाहन को प्रत्येक वर्ष फिटनेस निरीक्षण कराना होता है। यह नियम यात्री तथा माल वाहक दोनों के लिए है। वाहन मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक पर आरोप लगाया है कि फिटनेस सेंटर संचालक वाहनों की बगैर फिटनेस जांच किए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर देता है। इससे परिवहन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण करने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### वाहनों को कई-कई दिनों तक रोके रखने का आरोप

वाहनों का फिटनेस सेंटर में ऑटोमैटिक हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच की जाती है। वाहन मालिकों का आरोप है कि फिटनेस सेंटर का संचालक अतिरिक्त शुल्क लेने के बाद भी वाहनों की फिटनेस जांच करने के नाम पर वाहनों को कई-कई दिनों तक सेंटर में रोक कर रखता है। फिटनेस सेंटर के संचालक पर वाहनों का जल्द फिटनेस कराने बिचौलियों की मदद से अतिरिक्त शुल्क वसूली करने का आरोप लगाया है।

### उद्यान में लगाए पौधे, मूक-बधिर बच्चों को बांटे फल-बिस्किट




**रायपुर।** सामाजिक सेवा संस्था हम साथ-साथ की सदस्यों ने डीडीनगर सेक्टर- 1 में स्थित उद्यान में आम, अमरूद, जामुन, नीम एवं अशोक के पौधे लगाए। संस्था की संस्थापक-अध्यक्ष मृणालिनी मिश्रा एवं पदाधिकारी-सदस्य दिव्या शुक्ला, कणिका चौबे, निर्मला शर्मा, वैजंती चतुर्वेदी, दमयंती ठाकरे, सरस्वती चौरसिया, शोभा त्रिपाठी, विभा तिवारी, अंजु शर्मा ने मूक-बधिर स्कूल कोपलवाणी के बच्चों को फल, मिठाई, बिस्किट, मैगी नूडल्स और चॉकलेट वितरित किए।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



04
मानसून में भी चेहरे पर सनस्क्रीन...

एजुकेशन अपडेट

## शिक्षा के महत्व को समझते हुए हासिल करें उपाधियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में नवनियुक्त मंडल सदस्य का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मंडल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, रामकुमार टोप्पो, आशाराम नेताम और डोमन लाल कोर्सेवाड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौजूद सभी अतिथियों ने अध्ययन-अध्यापन संबंधित अपने अनुभव साझा किए। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा, मेरा कॅरियर सहायक शिक्षक के रूप में शुरू हुआ। विधायक मोती लाल साहू ने कहा, बीते दिनों शालाओं में प्रवेश उत्सव के अवसर पर शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। जहां बच्चे बड़े उत्साह के साथ शाला में उपस्थित रहे। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा, बचपन में मुझे पढ़ाई में रुचि नहीं थी, लेकिन जब मैंने सेना में रहकर देशसेवा करते हुए शिक्षा के महत्व को समझा तो कई डिग्री हासिल की। राजनीति में आने का श्रेय मेरे शिक्षकों को जाता है।

### आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा पर हो कार्य

विधायक आशाराम नेताम ने कहा, मैं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से संबंध रखता हूं। वहां शिक्षा की स्थिति पिछड़ी हुई है। इस पर कार्य करने की आवश्यकता है। नवनियुक्त मंडल सदस्यों में एलडी दुबे, ओमकार सिंह ठाकुर, ऋषि कश्यप, जितेन्द्र सिंह, प्रफुल्ल शर्मा, सुनील पंड्या, चन्द्रकांत तिवारी, डॉ.हितेश दीवान, कीर्ति व्यास, अनिल दास गुप्ता, संजय ठाकुर, प्रकाश यादव, इंदु अग्रवाल, श्रद्धा मिश्रा, दीक्षा गंगराड़े शामिल हैं। मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू, उपसचिव जुगल किशोर अग्रवाल, उपसचिव मोनिका सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

आराधना

## अपने स्तर पर छोटे संकल्प लें यह कदम सुधारेगा पर्यावरण



**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर जन संगोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब, पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स एवं रोटरी क्लब द्वारा किया गया। यहां 30 विद्यालयों एवं 15 महाविद्यालयों के 1000 से भी अधिक छात्र, अभिभावक एवं प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो.रणजीत प्रसाद ने अपने उद्बोधन से उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों को भारत की बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों की तार्किक व्याख्या की। साथ ही सरकार के प्रयासों के साथ व्यक्तिगत प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने संक्षिप्त कहानियों के माध्यम से पर्यावरण एवं जैव विविधता के संरक्षण पर सारगर्भित बातें रखी। आचार्य महेशचंद्र शर्मा ने उपस्थित जन समूह को वेदों एवं उपनिषदों के उद्धरणों से प्रकृति एवं पर्यावरण की सनातन परंपरा से जोड़ते हुए, त्याग की भारतीय परंपरा से समस्या के हल की बात दोहराई। डॉ. अनिल कुमार ने छोटे-छोटे संकल्पों के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों को जनसंख्या के दुष्प्रभावों से बचने एवं बचाने के उपाय पर चर्चा की। पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स के संपादक ललित कुमार सिंघानिया ने कहा, इस विषय पर वैश्विक स्तर पर जन अभियान चलाने की आवश्यकता है।



### विभिन्न वर्ग में 200 छात्र बने विजेता

जन संगोष्ठी के पखवाड़े भर पहले स्कूल और कॉलेज स्तर पर कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही थी। जन संगोष्ठी के उपरांत इन प्रतियोगिताओं में विजयी तकरीबन 200 प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। नया रायपुर में गरीब बच्चों के लिए प्रारंभ किए गए क्रिस्टल हाउस के छात्रों द्वारा पृथ्वी मां को समर्पित एक जन गीत प्रस्तुत किया गया। इसके गीतकार रणवीर रामनायक हैं।

### छात्रों ने साझा किए मनोभाव

जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों एवं इससे उपजी पर्यावरणीय समस्या को केंद्र में रखकर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबंध, चित्रकला, एवं वाद प्रतिवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था। कई आयु वर्ग में ये प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें छात्रों ने अपने मनोभाव साझा किए। छात्रों ने समस्याओं को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इन समस्याओं को लेकर छात्रों ने अपने सुझाव भी रखे। निंबध और चित्रकला के जरिए छात्रों ने बताया कि किस तरह से जनसंख्या नियंत्रण किया जा सकता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर सहित अन्य प्रबुद्धजन और गणमान्य नागरिक संगोष्ठी का हिस्सा बने।

● थोक बाजार में 10 दिन पहले ही बढ़ी रौनक, प्रिंटेड टी-शर्ट सहित गमछे के लिए थोक में ऑर्डर

# राजस्थान, दिल्ली व कोलकाता से आए शिवभक्तों के परिधान इस बार सजे हुए मिलेंगे कांवड़, कस्टमाइज भी हो रहे कुर्ते

*हर साल की तरह इस सावन का इंतजार भी शिव भक्त बेसब्री से कर रहे हैं। सावन शुरू होने में 10 दिन बचे हैं, लेकिन शहर के थोक बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार राजस्थान, दिल्ली, कोलकाता से मंगाए गए शिव व महाकाल प्रिंट वाले टी-शर्ट और कुर्ते खास हैं। महाकाल और ओम नमःशिवाय लिखे गमछे भी शिव भक्तों के लिए व्यापारियों ने मंगाए हैं। सावन में कांवड़ खरीदने के लिए भक्तों को सौ रुपए खर्च करने होंगे। इसके बाद कांवड़ को सजाने-संवारने की जरूरत नहीं होगी।*



### ऑर्डर से करा रहे तैयार

युवाओं का एक वर्ग ऐसा भी है, जो कांवड़ यात्रा में पहने जाने वाले परिधानों को विशेष ऑर्डर पर तैयार करवा रहा है। वे सामान्य सफेद टी-शर्ट में अपनी इच्छानुसार प्रिंट करा रहे हैं। सफेद टी शर्ट के स्थान पर भगवा तथा लाल रंग का भी प्रयोग वे कर रहे हैं। इसके अलावा रूद्राक्ष माला की भी डिमांड सावन को देखते हुए बढ़ गई है। गले में इसे पहनने के अलावा हाथ में ब्रेसलेट के रूप में इसे पहनने के लिए भी यूथ खरीदी कर रहे हैं। कई आकार में ये मार्केट में आए हुए हैं। इनमें सर्वाधिक बिक्री मध्यम आकार वाले रूद्राक्ष की है। आकार घटने के साथ ही इसकी कीमत बढ़ती जाती है।

**रायपुर।** शिव आराधना के लिए शास्त्रों में सावन के महीने को श्रेष्ठ माना गया है। इस बार सावन महीना 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसमें पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कराने का संकल्प लेने वाले भक्तों द्वारा विशेष आयोजन किए जाते हैं। कई संस्थाओं एवं समाज से जुड़े लोगों द्वारा सावन में भव्य कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है। इसमें शामिल भक्तों के लिए एक जैसा पहनावा तय होता है। यह पहल लंबी दूरी तक कांवड़ लेकर आने-जाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए की जाती है। बल्क में आयोजक कांवड़ियों के लिए टी-शर्ट, कार्यकर्ताओं के लिए कुर्ता और महिलाओं के लिए साड़ी भी विविध रेंज में आर्डर करते हैं। इस बार व्यापारियों ने कांवड़ियों के लिए 100 से 500 की रेंज में टी-शर्ट व हाफ पैंट मंगाया है, जो प्लेन व प्रिंट में भी बिक रहा है।



### जल छलकने की चिंता नहीं

कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले लोग जिस आस्था केंद्र से कांवड़ भरते हैं, वहां से लेकर जहां उन्हें अभिषेक करने का संकल्प लिया होता है, वहां तक के रास्ते में कांवड़ को जमीन रखना नहीं होता है। इस दूरी के बीच लोटे में लिए गए जल को बचाना आसान नहीं होता है। इससे लोगों को बचाने के लिए बाजार में कलश के लुक वाला लोटा आया है। ढक्कन लगे हुए लोटे को कांवड़ में रखने से यात्रा के दौरान जल को छलकने से बचाने की चिंता दूर हो जाती है। आकर्षक लोटे का चलन अब बड़े आयोजनों ही नहीं बल्कि युवाओं द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा में भी देखने को मिलने लगा है। सुविधा और मांग को देखते हुए दुकानदार इसे आर्डर कर रहे हैं।

### 10 मिनट में सजेगा कांवड़

गोलबाजार के व्यापारी धनराज ने बताया, शहर में लोगों के पास समय नहीं होता, इसलिए कांवड़ियों का हर साजो-सामान 10 मिनट में मिलने लगा है। थोक दुकानों में बांस के कांवड़ को सामान्य रूप से ही नहीं बल्कि सजाकर भी देने का चलन बढ़ा है। इसके लिए लोगों को भटकने की जरूरत भी नहीं है। कॉलोनियों व बस्तियों की दुकानों में भी इस बार कांवड़ियों के लिए जरूरी सामान रखने के लिए निगम सीमा के अलग-अलग क्षेत्र में दुकानों का संचालन करने वाले ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों से व्यापारी भी आ रहे हैं। कांवड़ के लिए बांस की लकड़ी, दो प्लास्टिक का लोटा और दो रस्सी इस बार कांवड़ियों को 100 रुपए में मिलेगी।



### बच्चों व युवाओं में क्रेज

व्यापारियों ने बताया कि पॉश कॉलोनियों व सोसायटी में रहने वाले लोग भी बच्चों के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होने लगे हैं। इस वजह से अब महाकाल व ओम नमः शिवाय लिखे टी-शर्ट व हाफ पैंट और कुर्ते की रेंज 100 से 500 तक पहुंच गई है। राजस्थान के चुरु क्षेत्र का चर्चित महाकाल व शिव संकीर्तन प्रिंट कुर्ता लेने के लिए लोगों को इस बार 50 से 250 रुपए खर्च करने होंगे। व्यापारी तेजमल बताते हैं कि अब नौकरी पेशा लोग ग्रुप बनाकर कांवड़ यात्रा से पहले ऑर्डर बुक कराने के बाद किसी भी शिवालय के लिए कांवड़ लेकर निकलने लगे हैं।

अब तक अलग-अलग तिथियों पर घोषित होते रहे हैं दोनों परिणाम

## सीए फायनल व इंटर के परिणाम एक साथ हुए घोषित, आईसीएआई ने बदली अपनी परंपरा

**रायपुर।** आईसीएआई की ओर से सीए फाइनल और इंटर मई सेशन के नतीजे 11 जुलाई 2024 को जारी कर दिए गए हैं। रिजल्ट जारी होते ही अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट **icai.org** एवं **icai.nic.in** पर जाकर अपने परिणाम की जांच कर सकते हैं। परिणाम देखने के लिए लॉग इन डिटेल दर्ज करना होगा। रिजल्ट जारी होने के साथ ही आईसीएआई की ओर से टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। 'द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' द्वारा पूर्व में तय तिथि के आधार पर ही चार्टर्ड एकाउंटेंट फाइनल और इंटरमीडिएट कोर्सेस के रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स के परिणाम जारी किए गए है।




ग्रुप-1 में 20 हजार तथा ग्रुप-2 में 21 हजार सफल

आईसीएआई द्वारा पूर्व सत्रों की परीक्षाओं के पैटर्न के मुताबिक पहले सीए फाइनल के नतीजों की घोषणा पहले की जाती रही है और इसके बाद इंटर के परिणाम जारी होते रहे हैं। हालांकि, इस बार दोनों परिणाम एक ही साथ जारी कर दिए गए। आईसीएआई द्वारा घोषित चार्टर्ड एकाउंटेंट परीक्षाओं के ग्रुप-1 में 20 हजार 479 और ग्रुप-2 में 21 हजार 408 तथा दोनों ग्रुप में 7 हजार 122 छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

### अगली परीक्षा का शेड्यूल जारी

आईसीएआई की ओर से मई सेशन का रिजल्ट जारी होने से पहले ही सितंबर सेशन की परीक्षाओं के लिए शेड्यूल जारी किया जा चुका है। अधिसूचना के मुताबिक सीए फाउंडेशन एग्जाम 13, 15, 18 और 20 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। सीए इंटर ग्रुप-1 के लिए परीक्षा 12, 14 और 17 सितंबर 2024 और ग्रुप-2 के लिए 19, 21 और 23 सितंबर को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

### टॉप-10 में छग से कोई नाम नहीं

आधिकारिक सूचना के मुताबिक सीए फाइनल में नई दिल्ली के शिवम मिश्रा ने और सीए इंटरमीडिएट में भिवाड़ी के कुशाग्र रॉय ने टॉप किया है। सीए फाइनल ग्रुप-1 की परीक्षाएं 2, 4 एवं 8 मई और ग्रुप-2 की परीक्षाएं 10, 14 एवं 26 मई को आयोजित की गई थी। इसके अलावा एसेसमेंट टेस्ट 14 एवं 16 मई को हुआ था। शीर्ष अंक प्राप्त छात्रों की सूची के अनुसार, टॉप-10 में छग से कोई नाम नहीं है।

## 'खुशियों की गुल्लक' से आश्रम के बच्चों ने खरीदी अध्ययन सामग्री



**रायपुर।** माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति द्वारा 'खुशियों की गुल्लक' योजना का संचालन किया जा रहा है। इसमें बाल आश्रम के बच्चों के लिए चैरिटी प्रोग्राम कर राशि की व्यवस्था की जाती है। मंडल की सदस्यों द्वारा राशि से बाल आश्रम के बच्चों को शहर स्थित डी-मार्ट में खरीदारी के लिए ले जाया गया, जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। इस दौरान प्रत्येक बच्चों ने अपनी मनपसंद वस्तुओं की खरीदी की। इसमें किताब, जरुरत की वस्तुएं, स्टेश्नरी सहित कई तरह की वस्तुएं शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर नत्थानी द्वारा किया गया। आयोजन में महेश्वरी महिला समिति की कल्पना राठी, शीलू राठी उपस्थित रहीं। साथ ही माहेश्वरी युवा मंडल की अध्यक्षा सीमा नात्थानी, भूमिका नत्थानी, विद्या काबरा, सुरुचि नैत्थानी, वर्षा मुंदड़ा, प्रीति चांडक व अन्य ने भी सहयोग दिया।

संचालकों से लेकर योग ट्रेनर तक ऑनलाइन करा रहे व्यायाम

# बारिश में 'ऑनलाइन फिटनेस', घर बैठे मिल रहे एक्सरसाइज टिप्स, उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर फिट रहने के नुस्खे

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मानसून के मौसम में स्वास्थ्य और स्वच्छता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है। गर्मी के बाद बरसात के दिनों में पाचन संबंधित कई समस्याओं से लोग घिरे होते हैं। बच्चे और बुजुर्गों को अधिक ख्याल रखने की आवश्यकता इस दौरान होती है। बीमारियों से बचने के लिए वे इंडोर एक्टिविटी कर सकते हैं। बरसात के दौरान इंडोर एक्सरसाइज करने के कई तरीके हैं, जिसकी सहायता से शरीर को स्वस्थ्य रखा जा सकता है। इसके अलावा शहर के जिम संचालकों से लेकर योगा एक्सपर्ट भी ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। बारिश के दिनों में जो जिम नहीं जा पाते हैं, उनके लिए घर बैठे स्ट्रेचिंग और सामान्य व्यायाम टिप्स दिए जा रहे हैं।

### पाचन संबंधित समस्या अधिक

योग प्रशिक्षक राजेश अग्रवाल ने बताया, बरसात के दिनों में पाचन संबंधित कई समस्या देखने को मिलती है। इन दिनों पाचन क्रिया को संतुलित बनाए रखने पर अधिक जोर दिया जाता है। भारतीय योग संस्थान द्वारा रोजाना ऑनलाइन क्लास ली जाती है, जिसमें देश-विदेश से भी लोग जुड़कर योग करते हैं। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण शुद्धि क्रिया करना आवश्यक है। इसमें कुंजल क्रिया, जलनेति क्रिया, सुत्रानेती क्रिया, नेत्र शोधन क्रिया शामिल है। इसके अलावा आसन में सूर्य नमस्कार, वक्रासन, मंडूकासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, धनुरासन, नौकासन, हस्तउत्थान आसन, पवन मुक्तासन शामिल है। प्रणायाम में अनलोम-विलोम, प्लावनी प्राणायाम किया जा सकता है।



एक्सपर्ट्स का कहना है कि बारिश का मौसम कई बार हमारे फिटनेस रुटीन को बाधित कर सकता है। कई ऐसे भी होते हैं, जो सुबह वॉक के लिए जाते हैं, लेकिन बारिश के कारण उनका रूटिन बाधित होता है। इसके लिए वे इंडोर व्यायाम का चयन कर सकते हैं।

शहर के कई योग संस्थानों में ऑनलाइन योग क्लास संचालित की जा रही है। जिसमें मौसम के अनुरुप योग क्रिया सिखाई जा रही है। ऑनलाइन योग क्लास ना सिर्फ वर्षा वाले दिन बल्कि बारिश के मौसम में रोजाना संचालित की जाती है।

### बारिश में खाएं साबुत अनाज

जिम ट्रेनर डॉ.प्रेम राजपूत ने बताया, बारिश के दिनों में सबसे बेहतर योग करना होता है। अधिकतर घरों में जिम उपकरण नहीं होते हैं, जिससे फिटनेस रुटिन में बदलाव आ सकता है। इस दौरान सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम कर सकते हैं। इसके अलावा घर की सीढ़ियों पर बार-बार चलें और घर पर ही वॉक करें। यह भी बेहतर विकल्प है। अपने भोजन में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट और फाइबर को कंट्रोल करते चलें। बरसात के दौरान व्यक्ति को साबुत अनाज खाना चाहिए, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।

### रस्सी कूद है बेहतर विकल्प

जिम ट्रेनर प्रीति यादव ने बताया, इनडोर एक्टिविटी में भी फिटनेस पर ध्यान दिया जा सकता है। इसमें रस्सी कूद, जंपिंग, पुश-अप्स, स्क्वाट्स, भुजंगासन किया जा सकता है। बारिश के दौरान बाहर के खाने से बचें। साथ ही रोजाना 30 मिनट अपने स्वस्थ्य शरीर के लिए वक्त दें। जो जिम नहीं आ पाते हैं, उन्हें इसके लिए टिप्स दे रहे हैं।

## कैंपस लाइव

# ट्रिपलआईटी, आईआईटी एनआईटी के लिए पांचवीं सूची 17 को



**रायपुर।** ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) ने राउंड 4 के लिए सीट अलॉटमेंट रिजल्ट की घोषणा कर दी है। छात्र आधिकारिक वेबसाइट josaa.nic.in पर अपना अलॉटमेंट स्टेटस चेक कर सकते हैं। सीट अलॉटमेंट रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवारों को काउंसलिंग पोर्टल पर अपना एप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड इस्तेमाल करना होगा। जोसा काउंसलिंग के पांचवे राउंड का सीट आवंटन परिणाम 17 जुलाई को घोषित किया जाएगा। सीटें आवंटित करने वाले उम्मीदवारों को 12 जुलाई को शाम 5 बजे तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन रिपोर्ट करना चाहिए, आवश्यक परामर्श शुल्क का भुगतान करना चाहिए और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना चाहिए। इस राउंड के परिणामों के आधार पर 23 आईआईटी, 31 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी और 33 अन्य सरकारी वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा।

### 15 जुलाई तक दाखिले के लिए अवसर

इस राउंड में सीटें आवंटित करने वाले छात्र 15 जुलाई तक अपना प्रवेश पूरा कर सकते हैं। सीटों के आवंटन के बाद, उम्मीदवारों को तीन विकल्पों में से एक का चयन करना होगा। यदि आवंटित सीट से संतुष्ट हैं और काउंसलिंग के आगे के दौर में भाग नहीं लेना चाहते हैं, तो फ्रीज विकल्प का चयन कर सकते हैं। यदि छात्र सीट से संतुष्ट हैं, लेकिन भविष्य में अन्य संस्थानों में भी सीट के लिए विचार किया जाना चाहते हैं, तो फ्लोट विकल्प चुन सकते हैं। यदि आवंटित सीट स्वीकार कर ली गई है, लेकिन उसी संस्थान में उच्चतर पसंदीदा पाठ्यक्रम के लिए इच्छुक हैं तो स्लाइड विकल्प का चुनाव कर सकते हैं।

## सिटी लाइव

# ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पढ़ाई कर सकेंगे कृषि छात्र



**रायपुर।** कृषि विश्वविद्यालय में जुलाई-अगस्त से प्रारंभ नए शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों को लागू किया जाएगा। इन प्रावधानों के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में चार वर्ष की पढ़ाई पूर्ण न कर पाने वाले विद्यार्थियों को बीच में पढ़ाई छोड़ने पर सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही नवीन शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप अब सैद्धान्तिक पढ़ाई की बजाय प्रायोगिक पढ़ाई पर अधिक ध्यान दिया जाएगा और इसे रोजगारमूलक बनाया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थी ऑनलाइन प्लेटफॉम के माध्यम से भी पढ़ाई कर सकेंगे। पढ़ाई की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए नियमित अध्यापकों के अलावा विजिटिंग प्रोफेसर, प्रोफसर ऑफ प्रैक्टिस तथा एडजंट फैकल्टी की नियुक्ति भी की जाएगी। विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित विद्या परिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए गए।

### फिर से ले सकेंगे प्रवेश

कृषि विश्वविद्यालय के तहत संचालित बीएससी कृषि, बीटेक कृषि अभियांत्रिकी एवं बीटेक खाद्य प्रौद्योगिकी में प्रवेशित विद्यार्थी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में यदि पाठ्यक्रम स्तर की पढ़ाई छोड़ना चाहें तो उन्हें इसकी अनुमति होगी और इसके साथ उन्हें 10 सप्ताह का इंटर्नशिप कोर्स करने के साथ प्रथम वर्ष के उपरान्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी इस तहर के सर्टिफिकेट या डिप्लोमा प्राप्त कर स्व-रोजगार या रोजगार का कार्य कर सकते हैं। यदि वे आगे की पढ़ाई जारी करना चाहते हैं तो वे पुनः अपने स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं, परन्तु यह अवधि उनके प्रवेश लेने के एवं स्नातक उपाधि पूर्ण करने के सात वर्ष से अधिक नहीं होगी।

## इवेंट लाइव

# जियो कम्यूनिकेशन के 95 पदों पर भर्ती के लिए जॉब फेयर 15 को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 जुलाई को जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। पुराने पुलिस मुख्यालय परिसर में स्थित रोजगार कार्यालय में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक यह जॉब फेयर आयोजित होगा। इसमें निजी क्षेत्र के नियोजक जियो इन्फ़ो कम्यूनिकेशन लिमिटेड द्वारा होम सेल्स ऑफिसर्स, जियो प्वाइंट असिस्टेन्ट-मैनेजर इत्यादि के 95 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण रखी गई है। योग्य आवेदकों की भर्ती वेतनमान 14 हजार से 22 हजार रूपये प्रतिमाह के पद पर की जाएगी। इन पदों पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के नौकरी के इच्छुक एवं योग्य आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता अनुभव प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते हैं।

### सूफी संगीत में साईं वसण का जीवन

**रायपुर।** संत साईं कालीराम साहेब का आगमन आज शहर में होगा। वे साईं वसण शाह दरबार उल्हासनगर मुंबई के गद्दीनशीन संत हैं। उनके नगर आगमन पर साईं वसण शाह सेवा समिति के पदाधिकारी गण व सिंधी समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। रमेश मिरघानी, सुभाष बजाज व गौरव मंधानी ने बताया कि स्वागत पश्चात बैरन बाजार में साईं वसणशाह दरबार में दोपहर 1.13 बजे विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात भंडारा तथा रात्रि 8 बजे से सत्संग प्रवचन किया जाएगा। इसमें सिंधी समाज के भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। साईं कालीराम साहेब लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हुए साईं वसण शाह साहेब की जीवनी लोगों को बताएंगे। वे सूफी संगीत के माध्यम से जीवनी वर्णन करेंगे।

## पेपर बैग दिवस आज : जिले की महिला समितियां बना रहीं कागज की थैलियां

# पर्यावरण को पॉलीथिन से बचाने रद्दी अखबार व कागज से बना रहे बैग, डाल रहे फूलों के बीज, फेंकने पर उगेंगे पौधे

*पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने अब बड़ी संख्या में लोग कागज से बने बैग उपयोग करना चाहते हैं, ताकि उपयोग के बाद फेंकने पर पशुओं और पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे। शहरों में कागज बैग की मांग बढ़ने से महिला समिति द्वारा बड़ी संख्या में अखबार और रद्दी कागजों की मदद से बैग तैयार किए जा रहे हैं, जिसका उपयोग अब शॉपिंग मॉल, किराना दुकानों, मेडिकल स्टोर समेत अन्य जगहों पर प्लास्टिक बैग के स्थान पर लोग करने लगे हैं।*





**रायपुर।** पेपर बैग दिवस पर हरिभूमि ने महिला समितियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजना तहत जिले के कृषि विज्ञान केंद्रों में ट्रेनिंग लेकर बीते तीन सालों से पेपर बैग तैयार कर रही हैं। पहले 100 बैग से शुरुआत की थी, लेकिन आज महीने में 20 हजार से भी अधिक बैग बनाती हैं।

समूह की कौशल्या साहू ने बताया कि पर्यावरण और बारिश को ध्यान में रखते हुए अब हमने पेपर में फूल और सब्जियों के बीज डालना भी शुरू किया है ताकि जब उपयोग के बाद इसे फेंकेंगे तो बारिश के दिनों में इन पेपर बैग्स से पौधे निकल सकें और वे पनप सकें। इन बैग्स को प्लांटेबल पेपर बैग नाम दिया है। इस नवाचार को खूब पंसद किया जा रहा है। पहले बस्तर से मंगाकर बेचा करते थे, लेकिन मांग बढ़ने के बाद यहीं तैयार कर रहे हैं। बैग बनाने के काम से जिले की कई महिलाओं को रोजगार मिल गया है।

### 100 फीसदी री-साइकिल

पेपर बैग पर्यावरण के लिए बहुत लाभदायक है। पेपर बैग 100 फीसदी री-साइकिल किए जा सकते हैं और सिर्फ एक महीने के भीतर विघटित हो सकते हैं। एक पेपर बैग में लगभग 8 से 10 सामान तक रखे जा सकते हैं। प्लास्टिक बैग के मुकाबले पेपर बैग को तैयार करना आसान है। शहर में लगातार इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है।

### रद्दी खरीदकर बनाते है पेपर

जिले में तीन साल पहले पेपर बैग बनाने वाले महिलाओं का समूह एक ही था, लेकिन अब आधा दर्जन से अधिक है। जय भवानी महिला समिति की आराधना यादव ने बताया कि हर महीने 70 किलो से अधिक रद्दी पेपर खरीदकर 10 से 15 हजार पेपर बैग बनाते हैं, जिसे शहर व ग्रामीण क्षेत्र के थोक व्यापारी खरीदते हैं। रायपुर के साथ-साथ भिलाई, दुर्ग, आरंग, महासमुंद समेत अन्य जिलों में भी पेपर बैग सप्लाई किए जा रहे हैं। इसी काम से बच्चों की पढ़ाई का भी खर्च उठाते हैं। यहां हर महिला को प्रति बैग बनाने के लिए दो रुपए दिए जाते हैं। ऐसे में प्रत्येक महिला सात से 15 हजार रुपये प्रतिमाह तक कमाई कर लेती हैं।

### कई डिजाइन में कर रहे तैयार

महिलाएं रोजाना दो से तीन घंटे देकर अपने घरों में ही 15 से 20 हजार पेपर बैग तैयार करती हैं। इसके बाद स्वयं सहायता समूह की कुछ महिलाएं सभी के घरों में जाकर पेपर बैग एकत्रित करके मार्केट में सप्लाई करती हैं। इसके अलावा पेपर बैग से अब सिर्फ बैग व लिफाफे ही नहीं तैयार किए जा रहे बल्कि गिफ्ट की पैकिंग भी हो रही है। इसे लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं। कई डिजाइन में पेपर बैग बनाए जा रहे हैं, जिनका लोग शादी-पार्टी में गिफ्ट देने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही सामानों की पैकिंग के लिए भी पेपर बैग का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा कई डिजाइनों में गिफ्ट बॉक्स को रखने के लिए पेपर बैग बनाए जा रहे हैं।



### 60 हजार से अधिक पेपर बैग का इस्तेमाल

थोक व्यापारियों के अनुसार रायपुर में महीने भर में 18 लाख से ज्यादा पॉलीथिन बैग की खपत शहर में होती है। पॉलीथिन में मौजूद तत्व उसे कभी नष्ट नहीं होने देते और ये जमीन को बंजर बनाने के लिए जिम्मेदार होती है। हर साल मवेशियों की मौत भी हो जाती है। कागज के बैग से पर्यावरण के साथ ही मवेशियों की जान भी बचाई जा रही है। महिलाओं का कहना है कि रायपुर में तीन सालों में कागज उपयोग करने वालों की संख्या बढ़ी है। वर्तमान में 60 हजार से अधिक पेपर बैग की खपत माहभर में हो रही है। पॉलिथीन की तुलना में यह सस्ता है। छोटे 100 कागज बैग की कीमत 40 रुपए है, तो वही पॉलिथीन का बैग 60 रुपए तक मिलता है।

# विद्यार्थियों ने बनाई ऑटोमेटिक डस्टबिन मशीन, अपने आप अलग हो जाएगा कचरा

**रायपुर।** रविशंकर के अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान के विद्यार्थियों ने अपने चौथे सेमेस्टर के लिए विभिन्न मॉडल तैयार किया। प्रत्येक विद्यार्थियों ने दो-दो के समूह में मिलकर एक मॉडल तैयार किया है। प्रत्येक वर्ष चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को नियमित रुप से टास्क दिया जाता है, जिसके चलते विद्यार्थी अपने शिक्षकों की मदद से इसे तैयार करते हैं। प्रत्येक मॉडल उपयोगी होने के साथ चलित अवस्था में बनाया जाता है, जिसका उपयोग किया जा सके।



इस दौरान छात्र-छात्राएं अपने रुचि का विषय चयन कर उस पर काम करते हैं और एक माह में मॉडल तैयार करते हैं। इस प्रकार के टास्क का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ावा देना होता है। साथ ही इससे रोजगार के अवसर में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिलती है। कुछ छात्र अपना मॉडल स्टार्टअप के रुप में भी शुरु करते हैं, जिससे यह उनके आय का साधन बन जाता है।

**सूखा और गीला कचरा खुद होंगे अलग :** प्रतीक्षा मीनपाल और युक्ति देवांगन ने वेट एंड ड्राय वेस्ट सेग्रीगेशन मॉडल तैयार किया गया। तीन सेंसर की मदद से सूखा और गीला कचरा अलग करने की ऑटोमेटिक डस्टबिन मशीन तैयार की गई। जिसमें कचड़ा फेंकते ही सेंसर की मदद से वह कचड़े को छांटना शुरु करता है। प्रतीक्षा ने बताया, अगले सेमेस्टर के लिए अभी से तैयारी की जा रही है। वर्तमान का मॉडल केवल सूखे और गीले कचरे को अलग करता है। अगले सेमेस्टर में इससे मेटल और प्लास्टिक कचरे को अलग करने पर काम किया जाएगा। यह मशीन समान्य तौर पर मॉल, घर, स्कूल या कॉलेज के लिए तैयार किया गया है।

### कचरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में बदलकर बनाएंगे बायो गैस

मंजरी मिश्रा और विनिता साहू ने सोलर पॉवर से चलने वाला बायोडिग्रेडेबल वेस्ट डीकम्पोजिशन सिस्टम तैयार किया। इस डिवाइस में सोलर पॉवर मोटर का प्रयोग किया गया है, जो बायो गैस जल्दी जनरेट करने में मदद करेगा। यह डिवाइस कचड़े को छोटे-छोटे टुकड़ों में बदल देगा, जिससे बायो गैस जल्द बनाया जा सकता है। स्वच्छता के पहल के उद्देश्य से मॉडल तैयार किया गया है, जिसका उपयोग छोटे या बड़े स्थानों में भी किया जा सकता है। स्टोरेज कंटेरन में बायो गैस इक्ट्ठा किया जाएगा, जिसका प्रयोग विभिन्न माध्यमों में किया जाएगा। इसे दो सप्ताह में तैयार किया गया, जिसमें लिए लगभग 1 हजार रुपए खर्च हुआ।

# 33 जिलों में रोपेंगे 4 करोड़ पौधे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को नवा रायपुर के अटलनगर स्थित जैव विविधता पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान-2024 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजन कर पीपल के पौधे का रोपण कर अभियान की शुरुआत की। साथ ही अभियान का बैनर जारी किया। अभियान के तहत वन विभाग द्वारा प्रदेशभर में 4 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसी के अंतर्गत में गुरुवार को प्रदेश के 33 जिलों में कुल 4 लाख पौधे लगाए गए। महावृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के मौके पर जैव विविधता पार्क में मुख्यमंत्री के साथ सभी कैबिनेट मंत्रियों, स्कूली बच्चों, सीआरपीएफ के जवानों, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 20 हजार पेड़ लगाए। वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक इंद्र कुमार साहू एवं गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे।



*'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ*

### महतारी वंदन योजना की बहनों से करेंगे अपील

मुख्यमंत्री ने कहा, बहुत-सी प्रजातियों के पेड़ लगाए जा रहे हैं। पीपल का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन देता है, नीम का पेड़, हर्रा, बहेड़ा, आंवला जैसे गुणकारी पौधे लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, महतारी वंदन योजना की राशि वितरण के लिए अगस्त माह में आयोजित कार्यक्रम में वे माता-बहनों से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील करेंगे। यदि 70 लाख महिलाएं पेड़ लगाएंगी तो लक्ष्य आसानी से पूरा होगा।

## ज्ञान के जरिए ही किया जा सकता है इंद्रियों पर नियंत्रण

# ऑफिस और दुकान समय से पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर जाने कोई समय तय नहीं, मोक्ष का रास्ता आसान करता है स्वाध्याय

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जिनवाणी की वर्षा के क्रम में गुरुवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी के श्रीमुख से सदर बाजार जैन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। रायपुर शहर में चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान उन्होंने कहा कि आजकल लोग मंदिर भी अपने समय से आते-जाते हैं, क्योंकि रुचि नहीं है बस फॉर्मेलिटी रह गई है। जबकि आप ऑफिस या दुकान जाते समय ऐसा नहीं करते हो। आज धर्म में रूचि किसी की नहीं है। बड़े लोग भी दान करने के समय सोचते हैं।



### संसार के प्रति रखें आदर भाव

मोक्ष का रास्ता आसान करना है तो स्वाध्याय को जीवन में प्राण बना लो। ज्ञान का लक्ष्य रखो। एक बार ज्ञान का रस लग गया, मजा आ गया तो सभी इंद्रियां जीत लोगे और मोक्ष भी हाथ में ही दिखने लगेगा। मुनिश्री ने कहा कि आज आपको माता-पिता के प्रति, समाज के प्रति, संतान के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाना है। संसार के प्रति आदर भाव रखना है। उदासीन हृदय से भी आपको पाप नहीं करना है। जिस दिन पाप आपको पाप लगेगा, उस दिन फिर भी आप बच जाओगे। जबकि आज तो वर्षों से लोग स्वाध्याय कर रहे हैं, फिर भी उन्हें पाप और पुण्य में फर्क समझ नहीं आ रहा है।

### बिन रुचि के क्रिया का कोई फल नहीं

मुनिश्री ने आगे बताया कि एक लकड़हारा जंगल में लकड़ी काट रहा था वह पेड़ की टहनी को काटने का बहुत देर से प्रयास कर रहा था लेकिन वह टहनी नहीं कट रही थी। जंगल से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उस लकड़हारे से कहा कि भाई सुनो तुम इतनी देर से पेड़ काट रहे फिर भी टहनी नहीं कट रही है। इस पर लकड़हारे ने कहा कि मेरे पास अभी समय नहीं है तुम जाओ। व्यक्ति ने कहा कि मैं तुम्हें बताता हूं यह क्यों नहीं कर रही है। लकड़हारा कहता है कि तुम जाओ मेरे पास अभी समय नहीं है, मुझे अभी बहुत काम करना है। उसने कहा सुन तो लो एक बार, लकड़हारे ने कहा तुम जाओ। फिर उस व्यक्ति ने कहा कि एक बात बताता हूं, उसे सुन लो फिर मैं चला जाऊंगा। लकड़हारे ने कहा ठीक है बताओ, जल्दी करो मेरे पास समय नहीं है। व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारी कुल्हाड़ी में धार नहीं है, इसलिए यह टहनी नहीं कट रही है। लकड़हारे ने कहा कि इस बात को बताने में तुमने मेरा समय बर्बाद कर दिया, तुम जाओ मैं देख लूंगा। मेरे पास कुल्हाड़ी धार करवाने के लिए टाइम नहीं है, मुझे बहुत सारे काम करने हैं। आज हमारी भी स्थिति यही है हमें क्रिया तो करनी है पर रुचि नहीं है, उसके बाद भी हम मोक्ष प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं।

## मानसून टिप्स

### बारिश में ट्रैवल के दौरान अपनाएं टिप्स,नहीं होगी कोई परेशानी



अधिकतर लोग बारिश के मौसम में घूमने फिरने का प्लान बनाते हैं। सुहावना मौसम, ठंडी हवाएं, चारों तरफ हरियाली ट्रैवल का मजा दो गुना कर देती है। हालांकि कई बार लोग मानसून में ट्रैवल करने के दौरान बीमार पड़ जाते हैं और ट्रिप का मजा एकदम किरकिरा हो जाता है। अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन टिप्स को जरूर फॉलो करें इससे आप बीमार पड़ने से बच सकते हैं।बरसात के दौरान अगर आप सफर कर रहे हैं तो बाहर का खुला खाना खाने से बचें, क्योंकि इनमें वायरस और परजीवी हो सकते हैं जो आपके पाचन तंत्र पर हमला करते हैं। जिसके कारण आपको फूड प्वाइजनिंग, डायरिया या टाइफाइड जैसी समस्या हो सकती है। हमेशा घर का बना खाना अपने साथ रखें मानसून में यात्रा के दौरान हमेशा साफ सफाई का ध्यान रखें, क्योंकि इस मौसम में किसी भी जगह पर बैक्टीरिया वायरस और परजीवी आसानी से पनपते हैं। हर थोड़ी देर पर हाथों को सेनेटाइज करते रहें, इससे आप इंफेक्शन से बच सकते हैंबारिश का मौसम हो रहा अगर आप ट्रेवल कर रहे हैं तो भीगना तो तय है। ऐसे में आप पूरे इंतजाम के साथ जाएं, अपने साथ छाता,रेनकोट जरूर रखें ताकि आप भीगने से बचें। अगर आपके पास कोई भी ऐसी चीज नहीं है जिससे खुद को सुरक्षित रखा जाए तो आप कुछ देर किसी जगह पर ठहर जाएं, जब बारिश खत्म हो जाए तब आगे का



रास्ता तय करें।इसके अलावा आप सफर के लिए कुछ हेल्दी ड्रिंक्स थरमस में रख सकते हैं। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है और गले में खराश को रोकने में मदद मिल सकती है।ट्रैवल के दौरान अपने कपड़े और जूते का खास ध्यान रखें टाइट फिटिंग कपड़े ना पहने, कॉटन के कपड़े ही पहनें, क्योंकि इस मौसम में नमी के कारण पसीना बहुत ज्यादा चलता है, जिससे आपको खुजली रैशेज एलर्जी जैसी समस्या हो सकती है,जब आप कंफर्टेबल कपड़े पहनते हैं तो आपकी स्किन सांस ले पाती है और एलर्जी की समस्या नहीं होती है। ठीक इसी प्रकार इस मौसम में खुले चप्पल या कपड़े वाले जूते पहनने से भी बचना चाहिए।सुरक्षित ड्राइविंगअगर आप रोड ट्रिप पर हैं और अचानक सफर के दौरान बारिश होने लगे तो सबसे जरूरी है कि गाड़ी चलाते समय सावधानी बरतें। गति पर नियंत्रण रखें और सेफ्टी का ध्यान दें।गाड़ी की सर्विसमानसून में अगर गाड़ी से कहीं जा रहे हैं तो कार की एक बार सर्विस जरूर करा लें। बारिश में अक्सर गाड़ियां बंद हो जाती हैं। इसलिए सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के सफर का लुत्फ उठाने



के लिए गाड़ी की सर्विस कराकर ही घर से निकलें।साथ रखें खाने का सामानसफर के दौरान अगर बारिश होने लगे, तो हो सकता है कि आप किसी रेस्तरां में न जा पाएं। तेज बारिश में किसी हाईवे पर हैं और बारिश रुकने तक आपको वहीं इंतजार करना पड़ सकता है, ऐसे में अपने साथ गाड़ी में खाने पीने का कुछ सामान, जैसे स्नैक्स,फल, पानी आदि जरूर रखें। खासकर अगर साथ में बच्चे सफर कर रहे हैं तो खाना लेकर जाएं।अतिरिक्त कपड़ेजब आप किसी ट्रिप पर दो चार दिन का प्लान बनाकर जाते हैं तो आप उसी आधार पर कपड़े और अन्य जरूरी सामान ले जाते हैं। लेकिन मानसून के मौसम में कभी भी बारिश हो सकती है और आप बारिश में भीग सकते हैं। इसलिए कुछ अतिरिक्त कपड़े जरूर साथ रखें ताकि अगर आपके कपड़े गीले हो जाएं तो आपके पास अतिरिक्त कपड़े होने चाहिए। इसके अलावा छतरी, पतला रेनकोट समेत अन्य जरूरी सामान भी रखें।

सेहतमंद रहने के लिए जरूरी है मौसम के अनुकूल दिनचर्या

# बारिश के मौसम में डाइट और लाइफस्टाइल में करें बदलाव, आप हमेशा रहेंगे तनावमुक्त

मानसून का मौसम आ चुका है। यूं तो यह खुशनुमा मौसम सभी को भाता है। लेकिन, इसमें बीमारी का डर भी सताता है। बारिश में मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन्स का खतरा बना रहता है। ऐसे में सेहत का खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। हर मौसम में सेहतमंद रहने और बीमारियों से बचने के लिए, डाइट और लाइफस्टाइल में अलग-अलग बदलाव करना जरूरी होता है। मानसून में हेल्दी रहने के लिए आपको डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन नंदिनी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।





### नीम के पानी में नहाना रहेगा फायदेमंद
### एकदम सूख जाने के बाद ही पहनें कपड़े

बारिश के मौसम में सेहतमंद रहने के लिए, डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ खास बदलाव करने चाहिए।एक्सपर्ट के मुताबिक, इस मौसम में स्किन इंफेक्शन्स का खतरा काफी रहता है। ऐसे में नीम के पानी से नहाना फायदेमंद रहेगा।

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं। ये स्किन इंफेक्शन्स से बचाव करता है। मानसून के साथ मच्छर भी बढ़ जाते हैं और मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा बना रहता है। इससे बचने में भी नीम मदद कर सकता है। नीम की पत्तियों को सुखाकर, इन्हें जलाकर धुआं करें। इससे मच्छर कम होंगे।

बारिश के मौसम में कपड़ों को एकदम सूख जाने के बाद ही पहनें। खासकर, अंडरगार्मेन्ट्स को पूरी तरह से सुखाए बिना न पहनें। इससे वेजाइनल इंफेक्शन का खतरा रहता है। बारिश और सर्दियों में हमें प्यास का एहसास कम होता है। इसलिए, लोग पानी कम मात्रा में पीते हैं। लेकिन, इस मौसम में भी शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। इसलिए, पानी जरूर पिएं।

मानसून में हल्का गुनगुना पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा। डाइट में अदरक और तुलसी का काढ़ा शामिल करें। इससे मौसमी बीमारियों से बचाव होगा। खुद को एक्टिव रखने के लिए,एक्सरसाइज जरूर करें।

तेज गर्मी के बाद एकदम से जब मानसून आता है, तो लोग गर्मी के मौसम से जुड़ी आदतों जैसे ठंडा पानी पीना, ठंडे पानी से नहाना और एसी में रहना, यही फॉलो करते हैं। लेकिन, एक्सपर्ट के मुताबिक, मानसून में इन आदतों में बदलाव आना चाहिए। बारिश में बासी और बाहर के खाने से भी बचना चाहिए।-

## बाथरूम का दरवाजा किस दिशा में होना होता है शुभ, जानें वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र कहता है कि घर का बाथरूम या टॉयलेट वो स्थान होता है जहां सबसे ज्यादा ऊर्जा संचारित होती है। यह ऊर्जा सकारात्मक और नकारात्मक दोनों रूपों में हो सकती है। वास्तु शास्त्र में घर के बाथरूम और टॉयलेट को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। शास्त्र कहता है कि घर का बाथरूम या टॉयलेट वो स्थान होता है जहां सबसे ज्यादा ऊर्जा संचारित होती है। यह ऊर्जा सकारात्मक और नकारात्मक दोनों रूपों में हो सकती है। इसी कारण से वास्तु शास्त्र में ऐसा कहा गया है कि बाथरूम या टॉयलेट से जुड़े वास्तु नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि बाथरूम का दरवाजा वास्तु में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए इसकी दिशा भी सही होनी चाहिए, नहीं तो घर में नकारात्मकता के साथ-साथ वास्तु दोष भी बढ़ता है। तो चलिए जानते हैं कि किस दिशा में बाथरूम का दरवाजा होना अच्छा माना जाता है।

### किस दिशा में होना चाहिए बाथरूम का डोर?


बाथरूम हमेशा उत्तर या उत्तर-पश्चिम दिशा में बनाना चाहिए। इस दिशा में बाथरूम बनाने से नेगेटिव एनर्जी का संचार कम होता है और सकारात्मकता बढ़ती है। वहीं, उत्तर दिशा में बाथरूम है तो उसका दरवाजा उस जगह बनाएं जहां से बाथरूम के अंदर से उसे खोलने पर सामने की ओर यानी कि मुंह के सामने की ओर पश्चिम दिशा हो।



वहीं, बाथरूम को कभी भी दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम या दक्षिण पूर्व दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। हालांकि अगर बाथरूम उत्तर-पश्चिम दिशा में है और बाथरूम के दरवाजे को अंदर की ओर से खोलने पर सामने दक्षिण-पूर्व दिशा पड़ती है, तो यह शुभ माना जाता है। इससे घर में मौजूद कैसा भी दोष अपने आप ही नष्ट होने लग जाते हैं।

इसके अलावा, अगर आपके बाथरूम का दरवाजा उत्तर दिशा में खुलता है या फिर पूर्व दिशा में खुलता है तो फिर बाथरूम कसी भी दिशा में बना हो उसका कोई भी बुरा प्रभाव घर पर नहीं पड़ता है और न ही वास्तु दोष उत्पन्न होता है। इस बात का ध्यान रखें कि बाथरूम का दरवाजा टूटा हुआ नहीं होना चाहिए। यह अशुभ होता है।

## क्या आप भी सिग्नेचर के नीचे खींचते हैं लाइन? जानें कितना सही या गलत है



सिग्नेचर करना भी एक कला है। ऐसा इसलिए क्योंकि सिग्नेचर अगर वास्तु दृष्टि से उचित हो तो आपको जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए मददगार सिद्ध होता है, लेकिन अगर सिग्नेचर वास्तु नियमों के अनुसार न हो तो जीवन में किसी भी क्षेत्र में तरक्की पाने में बाधक बनता है। सिग्नेचर से जुड़ी ऐसी कई बातें हैं जो वास्तु शास्त्र में बताई गई हैं। ठीक ऐसे ही वास्तु शास्त्र में इस बात का भी उल्लेख मिलता है कि अगर कोई व्यक्ति अपने सिग्नेचर के नीचे रेखा यानी कि लाइन खींचे तो वह सही है या गलत। जानते हैं इस बारे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से विस्तारपूर्वक।

### क्या साइन के नीचे लाइन खींचनी चाहिए?

वास्तु शास्त्र कहता है कि साइन करने के बाद उसके नीचे लाइन खींच सकते हैं लेकिन वह लाइन सिग्नेचर यानि कि हस्ताक्षर से बड़ी होनी चाहिए और सीधी होनी चाहिए। यानी कि अगर आप साइन करने के बाद उसके नीचे लाइन खींचते हैं तो साइन से छोटी नहीं बल्कि बड़ी लाइन खींचिए।

साथ ही, लाइन को बड़ा रखें लेकिन उसे मोड़ें नहीं। अक्सर लोग लाइन बड़ी तो रखते हैं लेकिन उसे आगे से मोड़ देते हैं। ऐसी लाइन नाम के आगे आ जाती है और एक प्रकार से आपके हस्ताक्षर का मार्ग काटती है। लाइन अगर आपके सिग्नेचर को काटे तो इसका अर्थ है आपकी तरक्की रुकना। अगर आप सिग्नेचर के नीचे लाइन बनाते हैं तो एक लाइन से ज्यादा कभी भी लाइनें न बनाएं। वास्तु शास्त्र कहता है कि ज्यादा लाइन्स होने के मतलब है कंफ्यूजन होना। जिस व्यक्ति के हस्ताक्षर के नीचे एक से ज्यादा लाइन होती है वह हमेशा उलझा हुए ही रहता है और निर्णय नहीं ले पाता। अगर आप भी अपने सिग्नेचर के नीचे रेखा खींचते हैं तो इस लेख में दी गई जानकारी के माध्यम से यह जान सकते हैं कि आखिर हस्ताक्षर के नीचे लाइन खींचना सही है या गलत और क्या है इसके पीछे का तर्क।



## घूमने के हैं शौकीन तो गूगल मैप से भी कर सकते हैं कमाई

क्या आप घूमने फिरने का शौक रखते हैं और नई जगहों को खोजने का आनंद लेते हैं? अगर हां, तो आपके पास गूगल मैप्स से पैसे कमाने का एक शानदार मौका है। गूगल मैप्स, दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेविगेशन ऐप है, और यह आपको अलग-अलग तरीकों से पैसा कमाने में मदद कर सकता है। गूगल मैप्स से सीधे पैसे कमाने का कोई तरीका नहीं है। हालांकि, आप गूगल मैप्स का इस्तेमाल करके कुछ तरीकों से पैसे कमा सकते हैं।

### गूगल मैप्स से पैसे कमाने के कुछ तरीके ये हैं

स्थानीय कारोबारों की ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ाने में मदद करना,वर्चुअल टूर और फ़ोटोग्राफ़ी,लोकेशन-आधारित गूगल मैप्स मार्केटिंग, मैप्स लोकल गाइड बनकर समीक्षाएं, फ़ोटो, और दूसरी सामग्री देना। गूगल मैप्स गाइड के तौर पर काम करने पर, आपकी सामग्री कारोबारों की खोज रैंकिंग और दृश्यता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। इसके लिए आपको रिवॉर्ड भी मिल सकते हैं।

### गूगल एडसेंस का इस्तेमाल करें




गूगल एडसेंस का इस्तेमाल करके अपनी वेबसाइट या ब्लॉग पर विज्ञापन लगाएं। जब कोई इन विज्ञापनों पर क्लिक करता है, तो आपको पैसे मिलते हैं। इसके लिए, आपको एक अच्छी कंटेंट वाली वेबसाइट या ब्लॉग बनाना होगा और उस पर 30 से 40 ओरिजिनल पोस्ट अपलोड करनी होंगी। साथ ही, आपको अपने साइट पर काफी ट्रैफिक लाना होगा। गूगल मैप्स से स्थानीय विज्ञापन दिखाएं, जिनसे कारोबारी ग्राहकों को आकर्षित करते हैं।

### गूगल मैप्स पर लोकल गाइड बनें

गूगल मैप्स पर लोकल गाइड बनकर पैसे कमाए जा सकते हैं। इसके लिए, आपको गूगल मैप कंट्रीब्यूशन में हिस्सा लेना होगा। कंट्रीब्यूशन करने पर आपका लेवल बढ़ता है। इसके बाद, आप गूगल मैप्स पर अपना अनुभव शेयर कर सकते हैं, फोटो और वीडियो अपलोड कर सकते हैं। इससे दूसरों को यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलती है।

### गूगल मैप्स मार्केटिंग सलाहकार बनें

गूगल मैप्स मार्केटिंग सलाहकार बनकर भी पैसे कमाए जा सकते हैं। इसके लिए, आपको कारोबारी या कंपनी के मालिकों को गूगल पर अपने कारोबार के प्रोफाइल को बेहतर बनाने में मदद करनी होगी। इसके लिए, आपको सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ) मार्केटिंग के बारे में कुछ सीखना होगा यू-ट्यूब या स्किल शेयर पर ऑनलाइन एसईओ मार्केटिंग के बारे में सीखा जा सकता है।

### गूगल मैप्स पर 360 तस्वीरें और वीडियो अपलोड करें

अपने स्मार्टफोन या 360 कैमरे का उपयोग करके मनोरम तस्वीरें और वीडियो कैप्चर करें। उन्हें गूगल मैप्स पर अपलोड करें और लोगों को आभासी भ्रमण का अनुभव कराएं। आपके योगदान को गूगल द्वारा चुने जाने पर आपको भुगतान किया जा सकता है।

### मैप एनालिस्ट और एपीआई का इस्तेमाल करें

मैप एनालिस्ट के तौर पर ऑनलाइन रिसर्च करके और दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करके भी पैसे कमाए जा सकते हैं। यह काम घर बैठे किया जा सकता है और इसके लिए किसी विशेष कौशल की आवश्यकता नहीं होती है।



# ब्रह्म मुहूर्त से शुरू करेंगे दिनचर्या तो जीवन में दिखने लगेगा सकारात्मक बदलाव

ब्रह्म मुहूर्त, जिसे अक्सर निर्माता का समय भी कहा जाता है, वैदिक परंपरा और ज्योतिष में एक अत्यंत पूजनीय अवधि है। सूर्योदय से लगभग डेढ़ घंटे पहले होने वाला यह समय आध्यात्मिक अभ्यास, ध्यान और पूजा के लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ब्रह्म मुहूर्त के दौरान शांत वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है और परमात्मा के साथ गहरा संबंध स्थापित करने में मदद करता है। ब्रह्म मुहूर्त में किया गया कोई भी काम आपको सफलता दिलाने में मदद करता है। यदि कोई व्यक्ति इस समय नियमित रूप से उठता है और ईश्वर का ध्यान करता है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। इस समय की महत्ता को विस्तार से जानने के लिए हमने ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी जी से बात की। आइए आपको बताते हैं ब्रह्म मुहूर्त में पूजा करने के महत्व और इस समय पूजा करने के लाभ के बारे में।

### क्या होता है ब्रह्म मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त शब्द संस्कृत के दो शब्दों से लिया गया है 'ब्रह्मा', जो सृष्टि के हिंदू देवता को संदर्भित करता है और 'मुहूर्त', जिसका अर्थ है एक विशिष्ट समय अवधि। वैदिक शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्म मुहूर्त वह समय है जब ब्रह्मांड शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होता है, जो इसे आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए सबसे आदर्श समय बनाता है। यह अवधि मानसिक स्पष्टता, रचनात्मकता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ाने के लिए जानी जाती है। ब्रह्म मुहूर्त लगभग 48 मिनट तक रहता है और सूर्योदय से लगभग एक घंटा 36 मिनट पहले शुरू हो जाता है। हालांकि इसका सटीक समय भौगोलिक स्थिति और वर्ष के समय के आधार पर भिन्न-भिन्न भी हो सकता है। इसकी गणना सूर्योदय से पहले के दूसरे अंतिम मुहूर्त के रूप में की जाती है, जिससे यह रात का अंतिम चरण भी कहलाता है। ज्योतिष कई कारणों से ब्रह्म मुहूर्त के महत्व पर जोर देता है और इस समय को विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। इस समय के कुछ विशेष ज्योतिष लाभ यहां बताए जा रहे हैं -



### आध्यात्मिक उत्थान

ब्रह्म मुहूर्त को दिन का सबसे आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली समय माना जाता है। सुबह के शुरुआती घंटों की शांति और गहरे ध्यान तथा परमात्मा के साथ मजबूत संबंध की सुविधा प्रदान करती है। यदि कोई व्यक्ति भक्ति में ध्यान केंद्रित करना चाहता है तो यह समय सर्वोत्तम माना जाता है। ब्रह्म मुहूर्त के दौरान आध्यात्मिक अभ्यास करने से सकारात्मक कंपन उत्पन्न होता है और दैवीय आशीर्वाद आकर्षित होता है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैमरून ने जॉन को याद करते कहा- मेरा एक हिस्सा मुझसे दूर हो गया



'टाइटैनिक' और 'अवतार' जैसी फिल्मों के निर्माता जॉन लैंडो के निधन पर ऑस्कर विजेता निर्देशक जेम्स कैमरून ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जॉन का निधन उनके एक हिस्से के टूटने जैसा है।

हॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता जॉन लैंडो के निधन से इंडस्ट्री में गम का माहौल है। 63 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वे 'अवतार' और 'टाइटैनिक' जैसी फिल्मों के निर्माण के लिए जाने जाते थे। उनके निधन के बाद से ही दिग्गज हस्तियां शोक व्यक्त कर रही हैं। वहीं अब जेम्स कैमरून ने अपने एक करीबी मित्र और सहयोगी की मृत्यु पर शोक मनाया। टाइटैनिक और अवतार के निर्माता जॉन लैंडौ की मृत्यु के बाद ऑस्कर विजेता निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक भावभीनी टिप्पणी में अपने दिवंगत लाइटस्टॉर्म एंटरटेनमेंट पार्टनर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'अवतार परिवार हमारे मित्र और लीडर जॉन लैंडौ के निधन पर शोक व्यक्त करता है। उनका विचित्र हास्य, व्यक्तिगत आकर्षण, आत्मा की महान उदारता और उग्र इच्छाशक्ति ने लगभग दो दशकों तक हमारे अवतार यूनिवर्स का केंद्र बना रखा है।' जेम्स कैमरून ने फिल्म निर्माण की सीमाओं को आगे बढ़ाने में लैंडौ की कुशलता और प्रेम की सराहना की। साथ ही एक व्यक्ति के रूप में जॉन लैंडौ के सराहनीय गुणों की भी सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि उनकी विरासत सिर्फ उनके द्वारा निर्मित फिल्में नहीं हैं, बल्कि उनके द्वारा स्थापित व्यक्तिगत उदाहरण हैं- देखभाल करने वाला, समावेशी, अथक, व्यावहारिक और पूरी तरह से अद्वितीय। उन्होंने बेहतरीन फिल्में बनाईं, सत्ता का इस्तेमाल करके नहीं, बल्कि सिनेमा बनाने की गर्मजोशी और आनंद फैलाकर। उन्होंने हम सभी को हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया।

### टॉलीवुड

## विक्रम की 'थंगालान' फिर दिखाने जा रही कोलार गोल्ड फील्ड की कहानी



मशहूर अभिनेता विक्रम की आने वाली फिल्म 'थंगालान' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। चुनौतियों से भरे किरदारों को निभाने के लिए जाने जाने वाले विक्रम इस फिल्म में भी अपने प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आ रहे हैं। उनके प्रशंसकों को यह ट्रेलर खूब भा रहा है। 'थंगालान' के निर्माताओं ने आज अपने वादे के मुताबिक ट्रेलर को रिलीज किया। स्टूडियो ग्रीन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रेलर रिलीज करते हुए लिखा कि क्या सच है और क्या सही है, इसका रहस्य उजागर होने वाला है। बता दें कि 'थंगालान' कोलार गोल्ड फील्ड्स में घटित कुछ वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।

'थंगालान' का ट्रेलर काफी दिलचस्प नजर आ रहा है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि कैसे एक ब्रिटिश जनरल गांव वालों को बताता है कि उनके गांव में सोने के निशान हैं। गांववाले सोने की खोज में जुटते हैं तो पाते हैं कि कोई अलौकिक शक्ति उनके इस काम में टांग अड़ा रही है। विक्रम का किरदार यह जानने में कामयाब हो जाता है कि इसके पीछे कौन सी ताकत है। आरती का किरदार निभा रही मालविका मोहनन ग्रामीणों को सोना खोजने से रोकती हैं। वो ऐसा क्यों करती है, इस सवाल का जवाब तो फिल्म देखने के बाद ही मिलेगा। कुल मिलाकर बात यही है कि 'थंगालान' की कहानी काफी अलग दिख रही है, जिसमें विक्रम की एक्टिंग जान फूंकती नजर आ रही है। 'थंगालान' के ट्रेलर से साफ है कि फिल्म में जोरदार एक्शन देखने को मिलेगा। इसका निर्देशन पा रंजीत ने किया है। वहीं, फिल्म का निर्माण स्टूडियो ग्रीन के बैनर तले के.ई. ज्ञानवेल राजा ने किया है।

### भोजपुरी

## 'रंगदारी' में 'पॉवर स्टार' का लुक देख फैंस हुए क्रेजी



भोजपुरी सिनेमा के 'पावर स्टार' पवन सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'पॉवर स्टार' को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं. पवन सिंह और एक्ट्रेस मधु शर्मा की इस फिल्म का जब से फर्स्ट लुक आया है तब से उनके फैंस और ऑडियंस का क्रेज देखते ही बन रहा है. इसी कड़ी में टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर पवन सिंह और एक्ट्रेस डिंपल सिंह की मस्त अदाकारी से भरपूर नया सांग 'रंगदारी' रिलीज किया गया है. 'पॉवर स्टार' के नए गाने 'रंगदारी' को अपने खास अंदाज में पवन सिंह ने गाकर सबको मस्त कर दिया है और उनकी आवाज सबकी दीवाना बना रही है. उनके स्वर से स्वर मिलाया है सिंगर खुशी कक्कड़ ने. उनकी जुगलबंदी सुनने में बहुत मधुर लग रही है. बात करें इस गाने के वीडियो की तो इसमें पवन सिंह डैसिंग लुक में कलरफुल शर्ट और आंखों में स्टाइलिश चश्मा लगाये डांस क्लब में एंट्री करके सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं तो वहीं ब्लैक ऑउटफिट एक्ट्रेस डिंपल सिंह क्लब डांसर के रूप में अपने हुश्न की बिजली गिरा रही हैं. इस गाने में जहां डिंपल सिंह अपनी कातिल अदाओं से पवन सिंह को मोहित करना चाहती हैं तो वहीं पवन सिंह अपने निराले अंदाज में रंगदारी दिखाने की बात करते हैं. वाकई यह सांग काफी मजेदार है, जोकि बिग लेबल पर फिल्माया गया है.

## नीला जादू

"पैनटोन कलर इंस्टीट्यूट वाशिंगटन ने ₹क्लासिक ब्लू₹ को इस वर्ष का रंग घोषित किया है। इंस्टीट्यूट के मुताबिक जब सब कुछ इतना नाजुक हो और लोग एक-दूसरे पर भरोसा खो चुके हों, तो हमारे पास वह आत्मविश्वास और विश्वसनीयता नहीं होती जो इस रंग में निहित है। नीला रंग ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है, और अगर यह जीवन के इस चरण में आपकी रंग प्राथमिकताओं में हावी है, तो आप संभवतः एक प्रतिबद्ध, केंद्रित, मजबूत और स्थिर व्यक्ति हैं। फैशन की दुनिया में डिजाइनरों के लिए भी नीला रंग प्रेरक साबित होता है।



लाइफ

## मानसून में भी है चेहरे पर सनस्क्रीन की जरूरत



त्वचा का ख्याल रखने के लिए आए दिन अपने स्किन केयर रूटीन में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। ऐसे में सनस्क्रीन लगाना हम सभी जानते हैं कि त्वचा के लिए कितना जरूरी होता है। वहीं बदलते ब्यूटी ट्रेंड्स में केमिकल वाले प्रोडक्ट्स से त्वचा डैमेज हो सकती है।

### त्वचा को ड्राई होने से बचाएं

मौसम के हिसाब से त्वचा बदलती है और रूखी और बेजान होने लगती है। जिसके कारण त्वचा को पोषण देना बेहद जरूरी होता है। सनस्क्रीन में मौजूद तत्व त्वचा को मॉइस्चराइज करने का काम करते हैं। साथ ही ये त्वचा में मौजूद सेल्स को रिपेयर भी करती है। कोशिश करें कि आप इसके लिए कम से कम एस.पी.एफ 30 से ज्यादा वाली सनस्क्रीन को चुनें। साथ हीस्किन केयरमें सनस्क्रीन को स्किप करना बिल्कुल भी न भूलें। ये तो आप बेहद अच्छे से जानती होंगी कि सनस्क्रीनअल्ट्रावायलेट किरणोंसे बचाने में मदद करता है, लेकिन आपको बता दें कि सर्दियों में अक्सर महिलाएं धूप सीखने के लिए सीधे बाहर बैठ जाती हैं। ये आपकी स्किन को बेहद तेजी से नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसलिए गर्मियों के साथ-साथ सर्दियों में भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

### स्किन को डैमेज होने से बचाएं

आपको बता दें कि केवल सूरज की किरणों से ही नहीं बल्कि स्किन घर के अंदर मौजूद आर्टिफिशियल लाइट्स से भी डैमेज होती है। ये लाइट्स आपकी त्वचा में पिगमेंटेशन तथा झुर्रियां लाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ती हैं। इसलिए भले ही आप बाहर जाएं या न जाएं, लेकिन आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल रोजाना कम से कम दिन में 2 बार तक तो जरूर करें।

## परफेक्ट लुक के लिए पार्टी वियर एथनिक गाउन अपनाएं




इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले एथनिक गाउन दिखा रहे हैं जिन्हें आप किस सारे मौकों पर वियर कर सकती हैं साड़ी और लहंगे के बाद गाउन इस समय काफी ट्रेंड में हैं और कई सारे मौकों पर महिलाएं गाउन पहनना पसंद करती हैं। गाउन में जहां आपको लुक रॉयल नजर आता हैं तो वहीं इस तरह की ड्रेस में आप भीड़ से भी अलग नजर आती हैं। बाजार में आपको गाउन कई सारे डिजाइन और कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे लेकिन अगर आप न्यू और परफेक्ट लुक चाहती हैं तो आप ये एथनिक गाउन वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले गाउन दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे मौकों पर वियर कर सकती हैं।



**फ्लोरल एम्ब्रॉयडरीगाउन:** सिंपल लुक के लिए आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रायडरी गाउन वियर कर सकती हैं। इस तरह के फ्लोरल एम्ब्रायडरी गाउन में जहां आपका लुक सिंपल नजर आएगा तो वहीं अप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। वहीं इस फ्लोरल एम्ब्रायडरी गाउन में स्टाइलिश नजर आने के लिए आप मिरर वर्क वाला नेकलेस और झुमके वियर कर सकती हैं। यह फ्लोरल एम्ब्रायडरी गाउन आपको ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही ऑनलाइन भी आप 2000 से 3000 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**बांधनी प्रिंट फ्लेयर्ड गाउन:** इस तरह एक बांधनी प्रिंटेड फ्लेयर्ड गाउन में आप भीड़ से अलग नजर आएगी क्योंकि यह गाउन मलटी कलर में है साथ ही ये स्लीवलेस है। इस बांधनी प्रिंटेड फ्लेयर्ड गाउन में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा तो वहीं आप खूबसूरत भी नजर आएंगी। इस गाउन में अपना कंप्लीट करने के लिए आप फुटवियर में जूती या हील्स पहन सकती हैं। यह बांधनी प्रिंटेड फ्लेयर्ड गाउन आपको ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही ऑफलाइन भी आप इस गाउन को 3000 रुपये में तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**वोवन फैब्रिक गाउन:** रॉयल लुक के लिए आप इस तरह का वोवन फैब्रिक गाउन भी वियर कर सकते हैं। इस वोवन फैब्रिक गाउन पर्पल कलर में हैं और इसमें प्रिंट वर्क किया हैं। वहीं इस गाउन को पहनने के बाद आप काफी खूबसूरत नजर आएंगी साथ ही आपका लुक भी सबसे अलग नजर आयेगा। यह गाउन आपको ऑनलाइन साथ ही ऑफलाइन भी मिल जाएगा जिसे आप 1000 से 3000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

-

## शीशे के टुकड़ों से सजे दुपट्टे लगाएंगे आपकी खूबसूरती में चार चांद

सलवार-सूट के साथ में आप दुपट्टे को कई तरीके से स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए लेटेस्ट डिजाइन में चल रहे पैटर्न ही चुनें।

प्लेन कपड़े पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इसमें ज्यादातर प्लेन डिजाइन के सलवार-कमीज हम पहन रहे हैं। ऐसा जरूरी नहीं है कि हम रेडीमेड ऑप्शन को ही चुनें, बल्कि आप फैब्रिक खरीदकर खुद से अपने हिसाब से सलवार-सूट को कस्टमाइज करवा सकती हैं। लुक को कम्प्लीट करने के लिए दुपट्टा जरूरी होता है। आजकल मिरर वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं मिरर वर्क वाले दुपट्टे के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप साड़ी के साथ में पहन सकते हैं।



### मल्टी कलर दुपट्टा

मल्टी कलर का दुपट्टा आपको काफी ब्राइट और फ्रेश लुक देने का काम करता है। वहीं यह डिजाइन और दुपट्टा प्लेन से लेकर हैवी डिजाइनर सूट के साथ बेस्ट लुक देने का काम करेगा। इसमें अओको मिरर वर्क के साथ में बॉर्डर वाले, नेट के और कई अन्य पैटर्न्स में दुपट्टे देखने को मिल जाएंगे।

### ब्लैक कलर दुपट्टा

ब्लैक कलर लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन के साथ में बेस्ट लुक देने का काम करता है। वहीं इसमें आपको फुलकारी डिजाइन में मिरर वर्क वाले काफी स्टाइलिश डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के ब्लैक दुपट्टे में आपको ज्यादातर कॉटन के दुपट्टे देखने को मिलेंगे।

## रात की पार्टी में ऐसे संवारें आंखों को दिखेगा हर तरफ सिर्फ आपका जलवा

अगर अचानक किसी पार्टी में जाना है तो ऐसे में आपको कपड़ों के साथ-साथ अच्छे मेकअप की भी जरूरत पड़ेगी। मेकअप भी जगह और मौसम के हिसाब से ही किया जाता है। ऐसे में अगर आप पार्टी में अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं तो मेकअप करते वक्त अपनी स्किन टोन और स्किन टाइप का खास ध्यान रखें। वैसे ज्यादातर लड़कियां पूरा मेकअप तो कर लेती हैं लेकिन उन्हें ये समझ नहीं आता कि वो आई मेकअप कैसा करें। आपकी इसी परेशानी का हल इस लेख में है।

दरअसल, आजकल किस तरह का आई मेकअप चलन में है, हम आपको इसी बारे में बताएंगे। अच्छे आई मेकअप के लिए आप बॉलीवुड अभिनेत्रियों से टिप्स ले सकती हैं। अभिनेत्रियों के ये लुक्स आपको पार्टी में खूबसूरत दिखाने का काम करेंगे। तो चलिए बिना देर किए आपको भी ऐसे आई मेकअप दिखाते हैं, जो आजकल चलन में हैं।



### ब्लैक स्मोकी आई मेकअप

आजकल की लड़कियों को इस तरह का स्मोकी आई मेकअप काफी पसंद आता है। इसका ट्रेंड कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता। ज्यादातर अभिनेत्रियां वेस्टर्न आउटफिट के साथ स्मोकी आईमेकअप ही करना पसंद करती हैं। ये जितना देखने में प्यारा लगता है, उतना ही करने में कठिन है। इसमें आपको अच्छी तरह से आंखों के ऊपर ब्लैक आईशैडो ब्लेंड करना होता है।

### गोल्डन आई मेकअप

अगर लाइट मेकअप करना चाहती हैं तो गोल्डन आई मेकअप एक बेहतर विकल्प है। इससे लिए आपको ब्राउन रंग के आईशैडो को पहले आंखों के ऊपर अप्लाई करना है और फिर उसके ऊपर हल्का सा गोल्डन आईशैडो एड करना है।

### कार्नर न्यूज

### पुरुषों का ऑफिस स्टाइल होना चाहिए सबसे अलग

# दफ्तर में भी स्टाइलिश रहना आपके फैशन सेंस की पहचान, अपनाएं टिप्स

कई बार, पुरुष अपने ऑफिस के ड्रेस कोड को बोरिंग कपड़े पहनने के बहाने के रूप में देखते हैं। लेकिन आप थोड़ी सी मेहनत करके वीकेंड की तरह ही ऑफिस में भी कूल और स्टाइलिश दिख सकते हैं! इस ऑफिस स्टाइल गाइड में हम आपको बताएंगे कि कैसे। यदि आप 2024 में पूर्णकालिक रूप से कार्यालय में वापस आ रहे हैं, या यहां तक कि हाइब्रिड स्थिति में भी, तो आपको अपने कार्यस्थल का महामारी के बाद का ड्रेस कोड भ्रमित करने वाला लग सकता है।

हो सकता है कि कुछ सहकर्मी ज़्यादा आरामदेह दिखें। स्पोर्ट कोट की जगह ओवरशर्ट ने ले ली है। चिनोज़ की जगह हर दिन जींस ने ले ली है। दूसरे लोग उसी हल्के नीले बटन-अप और ग्रे ट्राउज़र में हो सकते हैं जो वे हमेशा पहनते आए हैं। एक आधुनिक, स्टाइलिश आदमी को क्या करना चाहिए?!



### कार्यस्थल पर अच्छे कपड़े पहनना क्यों महत्वपूर्ण है?

बेशक, आप हाथ ऊपर उठाकर कह सकते हैं, ₹ठीक है, मुझे लगता है कि मैं ऑफिस में बाकी सभी लोगों की तरह ही कपड़े पहनूंगा।₹ लेकिन यह बिल्कुल बेकार और आलसी बात है, और आप एक बेकार और आलसी व्यक्ति नहीं हैं!

इसके अलावा, यदि आप पुरुषों के वर्कवियर पहनेंगे, जो आपको अद्भुत महसूस कराएंगे, तो आप अपने पेशेवर कर्तव्यों में अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे! आप दिन-प्रतिदिन के कार्यालय स्टाइल में चमक सकते हैं, चाहे कार्यालय का ड्रेस कोड कुछ भी हो।

बेशक, जब बात ऑफिस ड्रेस कोड की आती है तो इसमें बहुत ज़्यादा अंतर होता है। खासकर उन कार्यस्थलों के लिए जहां तकनीकी रूप से कोई ड्रेस कोड नहीं है, जो कि हमारे हिसाब से और भी ज़्यादा भ्रामक है।

यदि आप अपनी मनचाही नौकरी के लिए कपड़े पहनने के विचार को मानते हैं , तो अपनी अलमारी में पुरुषों के काम के कपड़े रखना उचित होगा, जो आपको किसी भी कार्यालय की आधारभूत शैली के ऊपरी सिरे पर रखेंगे।



कैजुअल पोशाक का मूल रूप से मतलब है, ₹कटे हुए जीन शॉर्ट्स में मत आना, लेकिन इसके अलावा, ईमानदारी से कहें तो हमें वास्तव में परवाह नहीं है।₹ इस तरह का गैर-ड्रेस कोड तकनीक और स्टार्टअप संस्कृति में प्रचलित है।

यह आपके बटुए के लिए बहुत बढ़िया है, क्योंकि आपको काम और सप्ताहांत दोनों के लिए कपड़ों पर निवेश नहीं करना पड़ेगा, और आराम भी मिलेगा। हालाँकि, ऑफिस में मैला दिखने के बहाने के रूप में कैजुअल ऑफिस ड्रेस कोड का उपयोग न करें।

**प्रो टिपः स्लिम-** या स्ट्रेट-फिट डार्क जींस, अन-रम्पल स्पोर्ट शर्ट और लेदर स्नीकर्स जैसे अच्छे फिटिंग वाले कपड़े कैजुअल ड्रेस कोड के लिए अच्छे हैं। यहां तक कि भारी कपड़े की टी-शर्ट और कार्गो पैंट भी कैजुअल ऑफिस में अच्छे लग सकते हैं, अगर उन्हें स्टाइल और कॉन्फिडेंस के साथ पहना जाए।